संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 154 सोमवार 07 अप्रैल 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### बीजेपी ने जो कहा वो किया



**नई दिल्ली,06 अप्रैल 2025(ए)।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को अपना 46वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली स्थित मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा, भाजपा जो कहती है, वो करती है।

### ब्लास्ट केस सुनवाई कर रहे जज का तबादला



#### पीड़ितों ने लगाई ये गुहार

**मुंबई,06 अप्रैल 2025(ए)।** मालेगांव 2008 बम विस्फोट मामले में सुनवाई कर रहे विशेष एनआईए जज ए.के. लाहोटी का तबादला नासिक कर दिया गया है। वे पिछले कुछ वर्षों से इस केस की नियमित दैनिक सुनवाई कर रहे थे और अब मुकदमा अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका था। केस की अधिकांश बहस पूरी हो चुकी है और जल्द ही फैसला आने की उम्मीद थी। ऐसे समय में जज लाहोटी का तबादला होने से पीड़ितों में नाराजगी है,और वे इस फैसले को कानूनी तौर पर चुनौती देने पर विचार कर रहे हैं।

### हार्ट अटैक ने छीन ली छात्रा वर्षा की जिंदगी



**धाराशिव,06अप्रैल 2025(ए)।** महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में एक कॉलेज फेयरवेल समारोह उस वक्त मातम में बदल गया, जब 20 साल की छात्रा वर्षा खरात अपनी विदाई स्पीच देते हुए अचानक मंच पर गिर पड़ीं और उनकी मौत हो गई। हंसी-खुशी से भरे माहौल में शुरू हुई यह घटना कुछ ही पलों में दुखद सन्नाटे में बदल गई। इस दिल दहला देने वाले क्षण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर हर कोई स्तब्ध है।

### अपराधियों ने घर में घुसकर लड़की पर फेंका तेजाब





**बेगूसराय,06 अप्रैल 2025(ए)।** बिहार में एक लड़की पर तेजाब से हमला कर अपराधियों ने सबको दहला दिया है। वारदात बेगूसराय जिले की है। एसिड हमले में झुलसी लड़की का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस खौफनाक वारदात के बाद से इलाके में हड़कंप है।

# रामलला के ललाट पर ठहरीं सूर्य की किरणें

- » सूर्याभिषेक का दिखा अद्भुत नजारा,
- » दुनिया भर के लोगों ने देखा लाइव





**अयोध्या,06 अप्रैल 2025 (ए)।** इस वर्ष रामनवमी का पर्व अयोध्या में पूरे उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। ठीक दोपहर 12 बजे रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणों ने चार मिनट तक सूर्य तिलक किया। यह अलौकिक दृश्य देखने के लिए देश-दुनिया के भक्त आतुर थे। सूर्य तिलक को सफल बनाने के लिए इसरो और देश के विभिन्न आईआईटी के वैज्ञानिकों ने कई दिनों तक अभ्यास किया। शनिवार को इसका अंतिम और सफल परीक्षण भी पूरा हुआ था।

### रामलला का भव्य श्रृंगार

राम जन्मोत्सव के अवसर पर रामलला को रत्नजड़ित पीले वस्त्र और सोने का मुकुट पहनाया गया। इस स्वरूप में उन्होंने भक्तों को दर्शन दिए। दोपहर 12 बजे जैसे ही राम जन्म का क्षण आया, सूर्य की किरणों ने उनके ललाट पर चार मिनट तक तिलक किया। अध्यात्म और विज्ञान के इस अनूठे मिलन को देख हर भक्त मंत्रमुग्ध हो गया।

सुबह 3:30 बजे से मंदिर के कपाट खोल दिए गए थे। रामलला का श्रृंगार, राग-भोग, आरती और दर्शन का सिलसिला चलता रहा। बालक राम की मनमोहक मूर्ति और उत्सव मूर्ति के दर्शन से भक्त अभिभूत थे। भजन और स्तुतियों के बीच जैसे ही घड़ी की सुइयाँ 12 की ओर बढ़ीं, भक्तों का उत्साह चरम पर पहुँच गया। पुजारियों ने कपाट खोले, घंटे-घड़ियाल बजे और भक्तों ने भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी... छंद गाना शुरू कर दिया। पूजन के साथ ही सूर्यदेव ने रामलला का राजतिलक किया।

### सूर्य तिलक की तकनीकी व्यवस्था

मंदिर के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें पड़ीं और वहाँ से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में पहुँचीं। पाइप में लगे दर्पणों ने किरणों को 90 डिग्री के कोण में मोड़ा। फिर तीन लेंसों से गुजरते हुए किरणें गर्भगृह के दर्पण तक पहुँचीं, जहाँ से 90 डिग्री का कोण बनाकर 75 मिलीमीटर के तिलक के रूप में रामलला के मस्तक को सुशोभित किया।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रामनवमी की पूर्व संध्या पर अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया। शनिवार को आरपीएफ इंस्पेक्टर यशवंत सिंह के नेतृत्व में जवानों ने स्टेशन पर फ्लैग मार्च किया, जिससे यात्रियों में सुरक्षा का भरोसा जगा। स्टेशन पर 200 आरपीएफ जवान तैनात हैं। यात्रियों के लिए तीन प्रवेश द्वार, दो निकास द्वार और एक आपातकालीन द्वार बनाया गया है। 235 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी हो रही है और संदिग्धों से पूछताछ जारी है। ट्रैक पार करने पर सख्त रोक लगाई गई है।

## भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री ब्रिज का किया उद्घाटन



**चेन्नई,06 अप्रैल 2025 (ए)।** रामनवमी के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तमिलनाडु का दौरे पर हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने बहुप्रतीक्षित न्यू पंबन रेल ब्रिज का उद्घाटन किया है। जो भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल है। यह पुल मुख्य भूमि को रामेश्वरम द्वीप से जोड़ता है। ये तटीय बुनियादी ढांचे में कनेक्टिविटी और नवाचार का एक आधुनिक प्रतीक है। न्यू पंबन रेल ब्रिज के उद्घाटन के साथ ही पीएम मोदी ने रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी भी दिखाई है।


### करीब 2 किलोमीटर है लंबा ब्रिज

700 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से बना 2.08 किलोमीटर लंबा यह पुल 99 स्पैन से लैस है। इसमें अत्याधुनिक 72.5 मीटर वर्टिकल लिफ्ट सेक्शन है। यह लिफ्ट मैकेनिज्म इसे 17 मीटर तक ऊपर उठने की अनुमति देता है, जिससे जहाजों को गुजरने में मदद मिलती है। साथ ही ट्रेन की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होती है।

### खास तरह से किया गया डिजाइन

समुद्र में बने करीब 2 किलोमीटर लंबे पुल को स्टेनलेस स्टील सुदृढीकरण, जंग-रोधी पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग और पूरी तरह से वेल्डेड जोड़ों के साथ डिजाइन किया गया है। यह पुल लंबे समय तक टिकाऊ है। इसकी देखभाल भी कम से कम करनी पड़ती है।

# वक्फ संशोधन विधेयक अब बना कानून






- » वक्फ संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति की भी मिली मिली मंजूरी...
- » वक्फ संशोधन विधेयक में क्या-क्या हुए बड़े बदलाव...

**नई दिल्ली,06 अप्रैल 2025(ए)।** संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा से पारित होने के बाद वक्फ (संशोधन) विधेयक को अब राष्ट्रपति मुर्मू की भी मंजूरी मिल गई है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह विधेयक अब कानून बन गया है। केंद्र सरकार ने इस बाबत अधिसूचना भी जारी कर दी है। अब जबकि यह विधेयक कानून बन गया है तो इसका व्यापक असर होगा।

संसद के दोनों सदनों में मैराथन चर्चा के बाद यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट एंपावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट विधेयक (उम्मीद) 2025 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन गया। इस कानून में कई प्रावधानों में संशोधन किया गया है। इसके तहत वक्फ बोर्ड अब किसी भी संपत्ति पर मनमाने तरीके से दावा नहीं कर सकता है। विवाद की स्थिति में अदालत में भी चुनौती दी जा सकती है और पांच साल तक इस्लाम का पालन करने वाला ही वक्फ को संपत्ति दान कर सकता है। इसके साथ ही मुसलमान वक्फ (निरसन) बिल 2024 को भी राष्ट्रपति मुर्मू ने मंजूरी दे दी है।




### वक्फ संशोधन बिल में क्या नया लाया यह कानून?

वक्फ संशोधन बिल 1995 के मूल अधिनियम में बड़े बदलाव लेकर आया है। इसका लक्ष्य वक्फ बोर्डों में पारदर्शिता, संपत्तियों के दुरुपयोग पर रोक और समाज के हर वर्ग को जोड़ना है।

## वक्फ संशोधन बिल में कुछ प्रमुख बदलाव इस तरह हैं...

### गैर मुस्लिम सदस्य हो सकेंगे शामिल

वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में अब गैर-मुस्लिम सदस्यों और महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य होगी। यह कदम लैंगिक समानता और सामाजिक समावेश को बढ़ावा देगा। इस्लाम धर्म के एक विशेषज्ञ का बोर्ड का सदस्य होना जरूरी है। निर्णय लेने में गैर मुस्लिम, अन्य मुस्लिम, पसमांदा मुस्लिम , पिछड़े मुस्लिम और महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा।

### जिला कलेक्टर की भूमिका

पहले सर्वेक्षण आयुक्त वक्फ संपत्तियों की जांच करते थे, लेकिन अब यह जिम्मा जिला कलेक्टर को सौंपा गया है, जिससे प्रक्रिया और पारदर्शी होगी।

### संपत्ति सत्यापन

किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने से पहले सत्यापन अति आवश्यक। बिना दस्तावेज और सत्यापन के कोई जमीन वक्फ संपत्ति घोषित नहीं होगी। यह नियम सरकारी जमीनों पर भी लागू होगा, जिससे अवैध कब्जे रुकेंगे।

### न्यायिक मजबूती

वक्फ से जुड़े 31,000 से अधिक लंबित मामलों को देखते हुए ट्रिब्यूनल को सशक्त किया गया है, और उनके फैसलों को हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकेगी। आदिवासियों के हित संरक्षण पर सरकार ने संविधान की 5 वीं और 6 वीं अनुसूची का हवाला देते हुए आदिवासी इलाकों में वक्फ संपत्ति घोषित करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसका अर्थ है कि करीब-करीब पूरा पूर्वोत्तर, समूचे झारखंड और छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, गुजरात सहित देश के कई राज्यों के आदिवासी इलाकों की जमीन और संपत्तियों को वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा।

### गैर मुस्लिम नहीं कर सकेंगे वक्फ

पांच साल इस्लाम का पालन तभी कर सकेंगे संपत्ति का दान। बोर्ड को संपत्ति दान करने वाला इस्लाम धर्म का अनुयायी होना चाहिए। वह कम से कम पांच साल से इस्लाम धर्म का पालन कर रहा हो।

### महिलाओं को भी संपत्ति का अधिकार

परिवार वक्फ जिसे वक्फ-अलल-औलाद कहा जाता है, उसमें अब मुस्लिम महिलाओं को भी संपत्ति का अधिकार मिलेगा। महिलाओं को भी अपनी पैतृक व ससुराल की संपत्ति में उत्तराधिकार का अधिकार मिलेगा। विधवा,तलाकशुदा और अनाथ महिलाओं को अपनी पारिवारिक संपत्ति में हक मिलेगा।

### मुस्लिम ट्रस्ट नहीं होंगे वक्फ की संपत्ति

जिन वक्फ संस्थाओं की आमदनी एक लाख रुपये सालाना से ज्यादा है, उनको अपना वार्षिक ऑडिट करवाना होगा। मुतवल्लियों को 6 महीने में केंद्रीय वक्फ पोर्टल पर अपनी संपत्ति का विवरण देना होगा। मुसलमानों ने जो भी ट्रस्ट बनाए हैं, देश के किसी भी कानून के तहत वक्फ की संपत्ति नहीं माने जाएंगे।

### बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 4 याचिकाएं दाखिल की गयी

वक्फ संशोधन बिल कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पहले ही कई याचिकाएं दाखिल की जा चुकी है। संसद से पास होने के बाद वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सबसे पहली याचिका कांग्रेस के सांसद ने लगाई थी। फिर असदुद्दीन ओवैसी ने भी सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने भी सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दाखिल की है। वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चौथी याचिका एसोसिएशन फॉर द प्रोटेक्शन इन द मैटर्स ऑफ सिविल राइट्स ने दाखिल की है विपक्षी दलों का दावा है कि वक्फ संपत्तियों को नियंत्रित करने वाले 1995 के कानून में संशोधन करने वाला प्रस्तावित विधेयक भेदभावपूर्ण है और मुसलमानों को टारगेट करने के लिए लाया गया है। हालांकि सरकार का कहना है कि यह कानून मुस्लिम महिलाओं को लाभ पहुंचाएगा और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा

## गले में पट्टा,कुत्तों की तरह बर्ताव, कर्मचारियों को ऐसी खौफनाक सजा





**त्रिवेन्द्रम,06 अप्रैल 2025(ए)।** केरल में एक कंपनी ने अपने कर्मचारियों को ऐसी सजा दी है, जिसमें कंपनी ने क्रूरता की हदें पार कर दी है। इस उत्पीड़न का वीडियो वायरल होने के बाद, केरल के श्रम मंत्री वी शिवनकुट्टी ने पूरी घटना की जांच रिपोर्ट मांगी है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह ऐसी घटना है जो नहीं होनी चाहिए थी इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस तरह का उत्पीड़न दोबारा नहीं होना चाहिए। एर्नाकुलम श्रम अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट सौंपने का काम सौंपा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अन्य कदम उठाए जाएंगे।

### केरल की एक कंपनी कर्मचारियों को देती है ऐसी सजा

केरल की जिस कंपनी ने अपने कर्मचारियों को ऐसी क्रूर सजा दी है वह बीस वर्षों से कलूर में काम कर रही है। कंपनी के मालिक ने टारगेट पूरा नहीं करने वाले कर्मचारियों पर अमानवीय और क्रूर अत्याचार किया। कर्मचारियों को ऐसी यातना दी गई है, जिसे देखकर आप भी सहम जाएंगे। कर्मचारियों को कुत्ते की तरह उनके गले में बेल्ट बांधकर घूमाया गया, जानवरों की तरह ही पानी पीने को कहा गया और कुत्ते की ही तरह जमीन पर पड़े सड़े हुए फल चाटने को कहा गया।

### सजा देखकर रूह कांप जाएगी

जानकारी के मुताबिक ये क्रूरता कंपनी में मार्केटिंग के कर्मचारियों पर की जाती है जो उत्पाद बेचने के लिए घरों में आते हैं। टारगेट पूरा नहीं करने वाले कर्मचारियों को पैंट उतारकर एक-दूसरे के गुप्तांग पकड़ने,कमरे में कुत्ते की तरह पेशाब करने, किसी का चबाया हुआ फल उठाकर थूकने और फर्श पर पड़े सिक्कों को चाटने जैसे अत्याचार किए जाते हैं। टारगेट पूरा नहीं करने वाले कर्मचारियों से अगले दिन टारगेट पूरा करवाने के लिए यह तरीका अपनाया जाता है। इस बारे में जब कर्मचारियों से सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब नहीं दिया, क्योंकि जो जवाब देते हैं उन्हें धमकाया जाता है। उन्हें छह हजार से आठ हजार रुपये वेतन के रूप में दिए जाते हैं। टारगेट पूरा होने पर प्रमोशन और बड़ी तनख्वाह का वादा कर यह अत्याचार किया जाता था। यहां महिलाएं भी इस शोषण का शिकार हुई हैं।



## नवरात्रि का व्रत खोलने ढाबे में गया था परिवार, वेज खाने में निकलीं चिकन की हड्डियां,मचा बवाल

**चंडीगढ़ ,06 अप्रैल 2025(ए)।** चंडीगढ़-दिल्ली हाईवे पर स्थित जीरकपुर के मशहूर सेठी ढाबे में शनिवार रात उस समय हंगामा मच गया जब एक परिवार को उनके शाकाहारी भोजन में चिकन की हड्डियां मिलीं। अष्टमी के दिन व्रत खोलने के लिए जीरकपुर वीआईपी रोड निवासी अमरदीप और कनिका अपने परिवार के साथ इस ढाबे पर खाना खाने आए थे।परिवार के अनुसार,उन्होंने शाकाहारी भोजन का ऑर्डर दिया था, लेकिन जब वे खाना शुरू किए तो उसमें से चिकन की हड्डियां निकलीं। यह देखकर परिवार आक्रोशित हो गया और ढाबे में हंगामा खड़ा हो गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि वे इस मामले की शिकायत खाद्य विभाग में भी दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि इस घटना से उनकी धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है।

## 170 किलोमीटर पैदल चलकर द्वारकाधीश पहुंचे अनंत अंबानी

**जामनगर/द्वारका,06 अप्रैल 2025(ए)।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता अंबानी ने अपने सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी द्वारा रविवार की सुबह जामनगर से द्वारका तक 170 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी करने पर गर्व और खुशी व्यक्त की।

अनंत 10 अप्रैल में अपने 30वें जन्मदिन से पहले राम नवमी के शुभ अवसर पर द्वारकाधीश मंदिर पहुंचे।यात्रा के अंतिम दिन अनंत के साथ नीता अंबानी और राधिका मर्चेंट भी शामिल हुईं। इस मौके पद उनकी मां ने कहा कि उन्हें अपने सबसे छोटे बेटे पर गर्व है, जिसने द्वारका के द्वारकाधीश मंदिर में अपनी आध्यात्मिक यात्रा पूरी की। अनंत की आध्यात्मिक यात्रा पूरी होने पर मीडिया से बात करते हुए नीता अंबानी ने कहा,-÷एक मां के तौर पर, अपने सबसे छोटे बेटे अनंत को द्वारकाधीश के इस दिव्य स्थान की पदयात्रा पूरी करते देखना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। पिछले 10 दिनों से अनंत की पदयात्रा में शामिल होने वाले सभी युवा हमारी संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। मैं द्वारकाधीश से केवल यही प्रार्थना करती हूं कि अनंत को शक्ति प्रदान करें।



अनंत की पत्नी राधिका मर्चेंट ने जामनगर से द्वारका तक 170 किलोमीटर की पदयात्रा करने के अपने पति के फैसले के बारे में बताते हुए कहा कि अनंत की इच्छा थी कि वे शादी के बाद पदयात्रा पर जाएं। राधिका ने कहा, ÷मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने उनकी पदयात्रा को सफल बनाने के लिए उन्हें आशीर्वाद दिया। अपनी यात्रा के समापन पर बोलते हुए अनंत ने भगवान द्वारकाधीश और रास्ते में उनका साथ देने वाले सभी लोगों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा...देखिए,यह मेरी अपनी आध्यात्मिक यात्रा है। मैंने इसे भगवान का नाम लेकर शुरू किया था और उनका नाम लेकर ही इसे समाप्त किया हूं। मैं भगवान द्वारकाधीश को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन लोगों का आभारी हूं जो मेरी आध्यात्मिक यात्रा में मेरे साथ शामिल हुए।

# संपादकीय

## मोदी और संघ की मुलाकात

नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के 11 साल बाद पहली बार नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय पहुंचने के कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। मोदी के पहले अटल बिहारी वाजपेयी ने साल 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल में संघ मुख्यालय का दौरा किया था। मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल में संघ मुख्यालय गए। स्वाभाविक तौर पर मोदी ने संघ के साथ अपने अटूट संबंधों की जुगाली की। उन्होंने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर' की आधारशिला रखने के बाद कहा कि,संघ भारत की अमर संस्कृति और आधुनिक अक्षयवट है,जिसके आदर्श और सिद्धांत राष्ट्रीय चेतना की रक्षा करना है।साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह (संघ) देश की चेतना को ऊर्जा प्रदान करता है।' हालांकि मोदी के नागपुर जाने और संघ प्रमुख सहित अन्य पदाधिकारियों से मिलने को विपक्ष भले मुद्दा बनाने की कोशिश में है, मगर भाजपा के नेताओं का वहां जाना कतई गलत नहीं माना जा सकता है। संघ से पीएम मोदी का दिलों का रिश्ता है, ये दशकों पुराना है. ये सफर 1972 में शुरू हुआ था। 1972 में नरेन्द्र मोदी संघ में शामिल हुए थे। प्रचारक बने, फिर के जरिए भाजपा में एंट्री हुई।गुजरात में संगठन की जिम्मेदारी मिली। 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने। संघ का उन्हें मजबूत समर्थन मिला। बहरहाल, मोदी के इस दौरे को भाजपा के नये अध्यक्ष के चुनाव को लेकर विचार-मंथन के तौर पर भी देखा जा रहा है। हालांकि खुद प्रधानमंत्री इस साल सितम्बर में 75 वर्ष के हो जाएंगे। स्वाभाविक है कि उनकी उम्र और भाजपा के उम्र संबंधी नियम-कायदों का भी उनके दौरे में चिंतन-मनन होगा। 2024 में संपन्न हुए लोक सभा चुनाव में मोदी का मैजिक नहीं चल सका।पार्टी आशा के अनुरूप सीटें हासिल करने में नाकामयाब रही। लाजिमी है कि पार्टी के इस लचर प्रदर्शन को लेकर यह विश्लेषण भी सामने आया कि संघ का समर्थन शायद भाजपा को नहीं मिला। वजह चाहे जो भी हो, फिलहाल भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और संघ के शीषर्स्थ पदाधिकारियों में इस बात को लेकर गहराई से यह विमर्श हो रहा है कि पार्टी 2029 में आसन्न लोक सभा चुनाव को लेकर किस तरह की रणनीति के साथ जनता के बीच आए।इसी दरम्यिान उत्तर प्रदेश में भी-2027-में विधानसभा के चुनाव होने हैं। साफ है कि इस प्रदेश में पार्टी के प्रदर्शन को ही 2029 में कमल खिलने की गारंटी मानी जाएगी। चुनांचे, मोदी और संघ की मुलाकात के कई सारे मायने हैं।

### 7 अप्रैल विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष

# स्वास्थ्य के प्रति करना होगा जागरूक



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

स्वास्थ्य हमारे जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इंसान जब तक स्वस्थ रहता है तब तक उसमें कार्य करने की क्षमता बनी रहती है। जब वह अस्वस्थ होने लगता है तो उसके कार्य करने की क्षमता भी कमजोर पड़ने लगती है। इसीलिए हमारे बुजुर्ग कहा करते थे कि पहला सुख निरोगी काया। यानी शरीर स्वस्थ रहने पर ही सबसे पहला सुख मिलता है। आज के दौर में खानपान में लापरवाही के चलते अधिकतर व्यक्ति किसी ने किसी बीमारी से ग्रसित रहने लगे हैं। इससे उनके कार्य क्षमता में भी कमी आई है। मनुष्य के अस्वस्थ होने पर उसके उपचार पर पैसे खर्च होते हैं जिससे उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगती है। इसके साथ ही बीमार व्यक्ति का पूरा परिवार भी उसकी बीमारी के चलते तनाव में रहने लगता है। भागम-भाग के दौर वाली आज की जिंदगी में जो व्यक्ति अपना स्वास्थ्य सही रख पाता है। वह कम कमा कर भी सबसे अधिक सुखी रह सकता है। इसलिए हमें सबसे अधिक अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए।

आज दुनिया भर में मनुष्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी दुनिया के देशों को समय-समय पर चेतावनी देता रहता है। कुछ वर्ष पूर्व आई कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया था। मगर वैज्ञानिकों की तत्परता से वैक्सीन निर्माण होने के चलते वह नियंत्रण में आ गई थी। मगर भविष्य में भी ऐसी कोई गारंटी नहीं है कि कोरोना जैसी महामारी फिर नहीं आए। कभी भी कोई नई महामारी आ सकती है। इसलिए हमें हमारे खानपान, रहन-सहन व वातावरण में सावधानी बरतनी चाहिए ताकि हम बेवजह की बीमारियों से बच सके।

स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रति वर्ष 7 अप्रैल को पूरी दुनिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे विश्व स्वास्थ्य संगठन का मकसद दुनियाभर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। साथ ही साथ सरकारों को स्वास्थ्य नीतियों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करना। वर्तमान में इस संगठन के बैनर तले 195 से अधिक देश अपने-अपने देश के नागरिकों को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने की शुरुआत 1950 से हुई। वैश्विक आधार पर स्वास्थ्य से जुड़े सभी मुद्दे को विश्व स्वास्थ्य दिवस लक्ष्य बनाता है। जिसके लिये कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा अंतरर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के खास विषय पर आधारित कार्यक्रम इसमें आयोजित होते हैं। पूरे साल भर के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिये और उत्सव को चलाने के लिये एक खास विषय का चुनाव किया जाता है। वर्ष 2025 में विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य। यह विषय माताओं और नवजात



शिशुओं के स्वास्थ्य और जीवन को बढ़ाने पर केंद्रित है। जिसका लक्ष्य परिहार्य मातृ और शिशु मृत्यु के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आधे भारतीयों की आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच ही नहीं है। जबकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने वाले लोग अपनी आय का 10 फीसदी से ज्यादा इलाज पर ही खर्च कर रहे हैं। वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक (जीसीआई) 2024 में भारत का स्कोर 98.49/100 रहा है। यह स्कोर अमेरिका, जापान, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ भारत को टियर 1 में रखता है। वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक 2024 के अनुसार भारत 42.8 के समग्र सूचकांक स्कोर के साथ 195 देशों में से 66वें स्थान पर है और 2019 से -0.8 का परिवर्तन है। 2021 में दुनिया भर के देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों की रैंकिंग के अनुसार, स्वास्थ्य सूचकांक स्कोर के आधार पर भारत 167 देशों में से 111वें स्थान पर था।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन साल की अवस्था वाले 3.88 प्रतिशत बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सकी है और 46 प्रतिशत बच्चे अपनी अवस्था की तुलना में कम वजन के हैं,जबकि 79.2 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया 50 से 58 प्रतिशत बढ़ा है। कहा जाता है कि जिस देश कि चिकित्सा सुविधाएं बेहतर होगी उस देश के लोगों कि औसत आयु उतनी ही अधिक होगी। भारतवासियों को यह जानकर हैरानी होगी कि औसत आयु के मामले में बांग्लादेश भारत से आगे है। भारत में औसत आयु जहां 64.6 वर्ष मानी गई है, वहीं बांग्लादेश में यह 66.9 वर्ष है। इसके अलावा भारत में कम वजन वाले बच्चों का अनुपात 43.5 प्रतिशत है और प्रजनन क्षमता की दर 2.7 प्रतिशत है, जबकि पांच वर्षो से कम अवस्था वाले बच्चों की मृत्यु दर 66 है और शिशु मृत्यु दर जन्म लेने वाले प्रति हजार बच्चों में 41 है जबकि 66 प्रतिशत बच्चों को डीपीटी का टीका देना पड़ता है।

भारतीय स्वास्थ्य रिपोर्ट के मुताबिक सार्वजनिक स्वास्थ्य की सेवाएं अभी भी पूरी तरह से मुफ्त नहीं है और जो है उनकी हालत अच्छी नहीं है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित लोगों की काफी कमी है। भारत में डॉक्टर और आबादी का अनुपात भी संतोषजनक नहीं है। हमारे देश में 1000 लोगों पर एक डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में बिस्तर की उपलब्धता भी काफी कम है और केवल 28 प्रतिशत लोग ही बेहतर साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं। पिछले कुछ सालों में हमारे देश में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रभाव बढ़ा है। साथ ही मधुमेह, हृदय रोग, क्षय रोग, मोटापा, तनाव की चपेट में भी लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं। महिलाओं में स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर का खतरा बढ़ा है। ये बीमारियां बड़ी तादाद में उनकी मौत का कारण बन रही हैं। ग्रामीण तबके में देश की अधिकतर आबादी उचित खानपान के अभाव में कुपोषण की शिकार हो रही है। महिलाओं, बच्चों में कुपोषण का स्तर अधिक देखा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रति 10 में से सात बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं। वहीं महिलाओं की 36 प्रतिशत आबादी कुपोषण की शिकार है।

भारत में इलाज पर अपनी जेब से खर्च करने वाले पीड़ित लोगों की संख्या ब्रिटेन,फ्रांस और जर्मनी की संयुक्त आबादी से भी अधिक है। भारत की तुलना में इलाज पर अपनी आय का 10 फीसदी से अधिक खर्च करने वाले लोगों का देश की कुल जनसंख्या में प्रतिशत श्रीलंका में 2.9 फीसदी, ब्रिटेन में 1.6 फीसदी,अमेरिका में 4.8 फीसदी और चीन में 17.7 फीसदी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अभी भी बहुत से लोग ऐसी बीमारियों से मर रहे है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में बताया गया कि देश की आबादी का 3.9 फीसदी यानी 5.1 करोड़ भारतीय अपने घरेलू बजटा का एक चौथाई से ज्यादा खर्च इलाज पर ही कर देते हैं। जबकि श्रीलंका में ऐसी आबादी महज 0.1 फीसदी है, ब्रिटेन में 0.5 फीसदी, अमेरिका में 0.8 फीसदी और चीन में 4.8 फीसदी हैं। इलाज पर अपनी आय का 10 फीसदी से ज्यादा खर्च करने वाली आबादी का वैश्विक औसत 11.7 फीसदी है। इनमें 2.6 फीसदी लोग अपनी आय का 25 फीसदी से ज्यादा हिस्सा इलाज पर खर्च करते हैं और दुनिया के करीब 1.4 फीसदी लोग इलाज पर खर्च करने के कारण ही अत्यंत गरीबी का शिकार हो जाते हैं।

देश के ग्रामीण अंचल में जब तक सही व समुचित स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध नहीं हो पायेगी तब तक भारत में सबको स्वास्थ्य की योजना पूरी नहीं हागी। आज देश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा की स्थिति बड़ी भयावह है। आये दिन समाचार पढने् को मिलते हैं कि एम्बुलेन्स के अभाव में मृतक को साईकिल पर बांधकर घर तक लाना पड़ता है। गांवो में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में लोगों को तांत्रिको के चक्कर लगाते देखा जा सकता है। निजी चिकित्सक भी कमाई के चक्कर में शहरों में ही काम करना पसन्द करते हैं। जब तक गांवो की तरफ ध्यान नहीं दिया जायेगा तब तक भारत में सबको स्वास्थ्य का सपना पूरा नहीं हो पायेगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

### विश्व स्वास्थ्य दिवस (7 अप्रैल) पर विशेष

# स्वस्थ समाज की ओर पहला कदम है जागरूकता



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य को लेकर विश्व में प्रत्येक व्यक्ति को बीमारियों के प्रति जागरूक करना, लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारना और हर व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना ही है। पूरी दुनिया इस साल 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' विषय के साथ 75वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2024 का विषय था 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार', 2023 यह दिवस 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में 'नर्सों और दाईयों का समर्थन करें' तथा 2019 में 'सार्वभौमिक स्वास्थ्य- हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था।

'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरूआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन् 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा 'डब्ल्यूएचओ' दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है। इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे।

हालांकि चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरन्तर बढ़ रही हैं। वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं लेकिन कोरोना काल के दौरान जब अमेरिका जैसे विकसित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई, तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है।

भारतीय समाज में तो सदियों से धारणा रही है 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया' लेकिन चिंता का विषय यही है कि हमारे यहां भी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बहुत खराब है। बहरहाल, विश्व स्वास्थ्य दिवस के माध्यम से जहां समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है,वहीं इसका सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु यही होता है कि लोगों को स्वस्थ वातावरण बनाकर स्वस्थ रहना सिखाया जा सके। दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना ही मानव-स्वास्थ्य की परिभाषा है। यह बेहद चिंता का विषय है कि दुनिया की करीब 30 प्रतिशत आबादी के पास बुनियादी स्वास्थ्य उपचार तक पहुंच नहीं है और करीब 200 करोड़ लोग विनाशकारी अथवा खराब स्वास्थ्य देखभाल लागत का सामना कर रहे हैं, जिसमें काफी असमानताएं हैं, जो सबसे वंचित परिस्थितियों में लोगों को प्रभावित कर रही हैं। हालांकि स्वास्थ्य का अधिकार एक ऐसा मौलिक मानवाधिकार है, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को बगैर किसी वित्तीय बोझ के, जब भी जरूरत हो, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच मिलनी चाहिए।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस विशेष 7 अप्रैल 2025

# रोजाना बड़ी मात्रा में स्लो पॉइजन का सेवन



डॉ. प्रितम भि.गेडाम
मुंबई महाराष्ट्र

आज के आधुनिक युग में मनुष्य ने जितनी तरक्की की है, उतना ही स्वास्थ्य से खिलवाड़ भी हुआ है और वक्त के साथ यह लगातार बढ़ रहा है, जिसका कारण मनुष्य स्वयं हैं। हृदय रोग, मस्तिष्क आघात, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां तेजी से बढ़ रही है, साथ ही मधुमेह,रक्तचाप,मोटापा,कमजोरी, आहार में पोषक तत्वों की कमी की समस्या तो चरम पर है, इस वजह से असमय मौत का आंकड़ा दिन-ब-दिन बढ़ रहा है, कुछ पल पहले एकदम स्वस्थ नजर आनेवाला व्यक्ति,बड़ों से लेकर छोटे-छोटे बच्चे भी खेलते या व्यायाम करते हुए या बैठे-बैठे भी गश खाकर गिरते है और पता चलता है कि मौत हो गयी। एक दशक पहले जो जानलेवा बीमारियां हमें केवल कभी-कभार ही सुनने मिलती थी, अब वो बीमारियां रिश्ते-नातेदारों, आस-पड़ोसियों और हमारे घर-परिवार के लोगों तक पहुंच चुकी हैं। मनुष्य का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहद कमजोर हुआ है, मौसम के करवट लेते ही बीमारियां तुरंत जकड़ लेती हैं। हमारे देश में औसत आयु दर पाश्चात्य देशों की तुलना में लगातार गिर रही हैं। विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2024 में 143 देशों में से भारत को 126वां स्थान दिया गया। भारत खुशी के मामले में पाकिस्तान,लीबिया,इराक, फिलिस्तीन और नाइजर जैसे देशों से भी पीछे हैं। कभी इस समस्या पर गंभीरता से विचार किया है कि बीमारियां तेजी से क्यों बढ़ रही है? क्या वजह हो सकती है? स्वस्थ जीवन जीने के लिए क्या हमें रोज शुद्ध ऑक्सीजन, स्वच्छ पानी और पोषक आहार पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है?

प्रदूषण और अस्वच्छता हमारी सांसे छीन रही हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक 2024 आंकड़ों के अनुसार, विश्व के उच्चतम पांच सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों में भारत देश हैं। भारत का लगभग 70 प्रतिशत जल प्रदूषित है, तथा देश की लगभग आधी नदियाँ पीने या सिंचाई के लिए असुरक्षित है, इस कारण 2024 के वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों में से भारत 120वें स्थान पर हैं। 2023 में



बीएमजे में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में हर साल 2.18 मिलियन मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। लैंसेट 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में 500,000 से अधिक मौतें जल प्रदूषण के कारण हुईं। बड़े पैमाने पर देश में हजारों करोड़ रुपयों का नकली दवाइयों का कारोबार चलता है, बड़े-बड़े सरकारी अस्पतालों में तक नकली दवाइयाँ मरीजों को बांटी जाती हैं। एशिया के बड़े अस्पतालों में शामिल महाराष्ट्र राज्य के नागपुर में स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में यह घटना हाल ही में उजागर हुयी। अन्न उगाने से लेकर हमारे थाली में परोसने तक उसे अनेक हानिकारक रासायनिक प्रक्रियाओं से गुजारा जाता हैं। देश में अशुद्ध खान-पान और अस्वच्छता की समस्या बहुत ही ज्यादा है,लोग स्वार्थ और लालच में इतने अंधे हो चुके है, कि अपने एक रुपये के फायदे के लिए भी लोगों को जहर खिलाने तैयार हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर से खबर आई कि शवों पर इस्तेमाल की गई बर्फ का उपयोग बाजार में मिलने वाले शीत पेय में किया जा रहा था। आश्चर्यजनक है, कि देश में उत्पादन से ज्यादा दूध और दुग्धजन्य खाद्यपदार्थ बेचे जाते है, देश के 68.7 प्रतिशत दूध और दूध उत्पादों में प्रदूषक पाए गए है। तेल,घी,शक्कर,नमकीन, मैदेयुक्त खाद्यपदार्थों की मांग अत्याधिक होती है, जबकि यह सेहत पर बेहद बुरा असर करते हैं। शहद, मसाला, चायपत्ती, तेल, दूध, मिठाइयां,घी,केसर जैसे खाद्यपदार्थों में मिलावट बहुत ज्यादा हैं। बाहरी खाद्य पदार्थों के रंग बहुत ज्यादा तेज और आकर्षित नजर आते है, अधिकांश खाद्य पदार्थों को रंगने के लिए प्राकृतिक रंगों के स्थान पर हानिकारक कृत्रिम रंगों का उपयोग किया जाता है, खाद्य पदार्थों में इस्तेमाल होने वाला बाहरी बर्फ, पानी, चटनियां, सॉसेज, खाद्यतेल गुणवत्ता की कसौटी पर अधिकतम खरी नहीं उतरतीं। देश के अधिकतर स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सामग्रियों में बिना दस्तानों के सीधे हाथ लगाने की बहुत बुरी आदत नजर आती है, इसका खामियाजा ग्राहकों के स्वास्थ्य को भुगतना पड़ता हैं। जो पशुओं के लिए भी ठीक नहीं, वह खाद्य अर्थात घातक कचरा मनुष्य स्वाद लेकर खा रहा हैं।

देश में ज्यादातर खाद्य पदार्थों को पैक करने और लपेटने में अखबारों का इस्तेमाल किया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। एफएसएसएआई के अनुसार, खाद्य पैकेजिंग सामग्री के रूप में शोषक कागज के बजाय समाचार पत्रों के व्यापक उपयोग के कारण भारतीयों में धीरे-धीरे विषाक्तता फैल रही हैं। मैदा रासायनिक रूप से प्रक्षालित (जहरीला) होता है, इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स उच्च होता है जिससे टाइप 2 डायबिटीज हो सकता है, इसमें फाइबर की कमी के कारण यह पाचन तंत्र में बाधा डालता है। खाद्य तेल का व्यापक स्तर पर पुनर्चक्रण कर जंक फूड तैयार किया जाता है, तेल को बार-बार गर्म करने से लिपिड का ऑक्सीडेटिव विघटन होता हैं। दोबारा गर्म किए गए तेल से बने भोजन का लंबे समय तक सेवन करने से व्यक्ति के एंटीऑक्सीडेंट रक्षा नेटवर्क पर गंभीर असर पड़ सकता है, जिससे उच्च रक्तचाप, मधुमेह और संवहनी सूजन जैसी विकृतियां पैदा हो सकती है, आगे चलकर यह जानलेवा बीमारियों का कारण बनते हैं। जंक फूड या बाहरी फूड से उच्च कोलेस्ट्रॉल, हृदय रोग, मधुमेह, गुर्दे की क्षति, मोटापा, यकृत रोग, कैंसर, दंत क्षति, अवसाद, पेट संबंधी विकार, त्वचा संबंधी रोग जैसी समस्याओं की संभावना बढ़ती हैं। पैक्ड फूड, पेय के कारण हम माइक्रोप्लास्टिक का सेवन कर रहे हैं। भारत में 56 प्रतिशत बीमारियाँ अस्वास्थ्यकर आहार से संबंधित हैं। आयुर्वेद कहता है कि, यदि आहार सही नहीं है तो स्वास्थ्य सुधारने के लिए दवा भी काम नहीं करती। स्ट्रीट फूड शेफ या खाद्यपदार्थ विक्रेता सरकारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। अपने हाथ स्वच्छ धोएं, स्वच्छ बर्तन व उपकरण का प्रयोग करें, दुकान पर स्वच्छता बनाए रखें, कच्चे और पके भोजन को अलग रखें, खाद्यपदार्थ तैयार करने के लिए पीने के पानी का उपयोग करें। धुले हुए साफ कपड़े पहनें, खाद्यपदार्थ बनाते और परोसते समय दस्ताने और एप्रन पहनें। काम करते समय अपना चेहरा,बाल ढकें और अपने चेहरे, सिर,बालों को या शरीर में अन्य कही भी छूने या खरोंचने से बचें। नाखून कटे हुए और साफ रखें। खाद्य पदार्थों को सुरक्षित तापमान पर रखें, बेहतर व अच्छे गुणवत्ता के कच्चे माल का चयन करें, स्थानीय सरकारी नियमों के अनुसार कचरे का योग्य निपटान करें। तलने के लिए एक ही तेल का पुनर्चक्रण न करें, खाद्यपदार्थों को ढककर रखें, बांसी खाद्यपदार्थों की बिक्री न करें। इन नियमों का पालन सख्ती से होना चाहिए। भले ही स्वच्छता और गुणवत्ता के लिए थोड़ा पैसा ज्यादा खर्चना पड़े, लेकिन सेहत से खिलवाड़ न हों।

हमें मरने के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है,हमारा आसपास का वातावरण और हमारी जीवनशैली ही है जो हमें असामयिक मृत्यु की ओर तेजी से ले जाती है। देश में बहुत से वायरल फूड वीडियो, खबरों से भी खाद्य पदार्थों में गंदगी, घटिया गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री, घातक रासायनिक प्रक्रिया, विषैले रंग और मिलावटखोरी की जानकारी मिलती हैं। बंद कमरों में तैयार होने वाले बहुत से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर संदेह निर्माण होता है, फिर भी सड़कों पर, रेल्वे,बस अड्डों और सार्वजानिक स्थानों पर वह खाद्यपदार्थ धड़ल्ले से बिकते हैं। देश में बड़ी मात्रा में मिलावटखोरी के साथ ही नकली कंपनी के खाद्य व पेय पदार्थ भी खूब बिकते हैं। अपनी और अपनों की सेहत की जिम्मेदारी हमारी स्वयं की है, जबान के स्वाद के लालच में अपने अमूल्य स्वास्थ्य को दांव पर न लगायें। घर के खाने को प्राथमिकता दें, रोजाना व्यायाम, पर्याप्त नींद, स्वच्छता और पौष्टिक आहार का ध्यान रखें। गर्म पेय-खाद्य हेतु प्लास्टिक और मुद्रित रद्दी पेपर का प्रयोग बिलकुल न हों। बासी खाना, तली, मसालेदार, मीठी,मैदायुक्त,कृत्रिम रंगयुक्त, पैक्ड फूड, रासायनिक प्रक्रिया से गुजरने वाले खाद्यपदार्थों से दूरी बनायें। सफर में या बाहर जाते वक्त जरूरत हो तो घर से ही पीने का पानी और भोजन साथ लेकर चलें। स्वास्थ्य ही संपत्ति है, सेहत संभाले, निरोगी जीवन जियें।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



### कविता
## दिल से भोले-भोले

घटती-घटना



कार्तिकेय कुमार
गांधीनगर
इंदौर, मध्यप्रदेश



पुकारते हैं दिल से भोले-भोले,
आना है आ भी जाओ भोले,
रास्ता खुला है मेरे मन का,
आके बस भी जाओ मेरे भोले।
पुकारते हैं दिल से ...
क्या गगन और क्या धरा,
बिन भोले जीवन में क्या धरा,
साथ भोले का जो मिल गया,
मानों सारा जहां मिल गया।
पुकारते हैं दिल से ...
भोले तो हैं सबसे निराले,
जीवन के हैं वो रखवाले,
भोले भक्ति में जो भी बहे,
भोले ही उसे तारने वाले ।
पुकारते हैं दिल से ....
कोई सपना नहीं हैं भोले,
बतियाते हैं हम-भी अकेले,
छोड़ा ही नहीं साथ हमनें,
तार भक्ति के हमनें छेड़े।
पुकारते हैं दिल से ....
मुस्कुरानें लगे हैं भोले,
जबसे भक्तों के लगे हैं मेले,
आओ गंगा लहर संग खेलें,
और दिल से भोले के ही हो लें।
पुकारते हैं दिल से ....

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# नगर के प्राचीन राम मंदिर में दोपहर 12 बजे जैसे ही पट खुले...दर्शन-पूजन के लिए उमड़ पड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





- संवाददाता -
अंबिकापुर, 06 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन रविवार को मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव प्राचीन राम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। शहर के ब्रह्म रोड स्थित राम मंदिर में परपंरागत ढंग से दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी शामिल हुए और पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारे से गूंजता रहा। रामनवमी पर वर्षों से परपंरागत ढंग से भगवान राम के जन्मोत्सव का आयोजन राम मंदिर में होता रहा है। रविवार की सुबह से ही महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई थी। भजन-कीर्तन के बीच भगवान राम सहित जानकी का विशेष श्रृंगार किया गया। पूजा से पहले परंपरा के अनुसार मंदिर के पट बंद कर दिए गए। दोपहर 12 बजे जैसे ही मंदिर के पट खोले गए। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। राम मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा महाआरती की गई। आरती के बाद बधाइयों का दौर शुरू हो गया। मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों ने एक दूसरे को बधाई देकर रामजन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। राम मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जन्मोत्सव कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। जन्मोत्सव कार्यक्रम के बाद भक्तों द्वारा टॉफी बांटी गई। महिला मंडली द्वारा राम जन्मोत्सव गीत का भी आयोजन किया गया था।राम मंदिर में परपंरागत ढंग से दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इससे पूर्व मंदिर में पूजा अर्चना सुबह से ही शुरू हो गई थी। जन्मोत्सव कार्यक्रम से पूर्व भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में अखंड रामायण का भी आयोजन किया गया था। चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी के अवसर पर रविवार को नगर के दुर्गा मंदिरों, देवी धामों में जगत जननी की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। सरगुजा की अराध्य मां महामाया मंदिर अंबिकापुर में मंदिर में पूरे दिन पूजा का दौर चलता रहा। इस दौरान सुबह से ही श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। महामाया मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। मां की दर्शन के लिए लोगों ने कतार में खड़े होकर घंटों अपनी बारी का इंतजार करते रहे। नौ दिन तक व्रत रखने वाले भक्त नवमी के हवन-पूजन कर पूर्णाहुति हुई। इस दौरान महामाया मंदिर, समलाया मंदिर, मां दुर्गा शक्तिपीठ गांधी चौक, संत हरकेवल मंदिर, काली मंदिर, रघुनाथपुर मंदिर, शीतला मंदिर सहित शहर के सभी देवी मंदिरों में माता की आराधना करने श्रद्धालु पहुंचे। इधर देवी मंदिरों में नवरात्रि के समापन पर हवन-पूजन का कार्यक्रम दिन भर चलता रहा। इसी के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन हुआ। इस मौके पर मंदिरों एवं घरों में कन्या भोज का आयोजन किया गया था।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव हुए शामिल

अम्बिकापुर शहर के 95 वर्ष पुराने प्रभु श्री राम मंदिर में आज परंपरा अनुसार राजपरिवार की प्रथम पूजा के साथ रामनवमी का पर्व पूरी आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरगुजा राजपरिवार के महाराज एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टी0 एस सिंहदेव ने पूजा उपरांत दोपहर ठीक 12 बजे मंदिर के गर्भगृह का पट खोलकर प्रकटोत्सव की शुरुआत की। वर्ष 1930 में पूर्व महाराज स्व. मदनेश्वर शरण सिंहदेव के जन्म पर तत्कालीन सरगुजा रियासत के महाराज स्व. रामानुज शरण सिंहदेव ने प्रभु राम के मंदिर का निर्माण कराया था। 90 के दशक में अमरकंटक के कल्याण बाबा के अनुरोध पर पूर्व महाराज स्व. मदनेश्वर शरण सिंहदेव एवं महारानी स्व. देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव ने राममंदिर को कल्याण आश्रम को दान में दे दिया था। महारानी स्व. देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव आजीवन इस मंदिर के ट्रस्ट की ट्रस्टी रही थी। रामनवमी के दिन शहर के इस प्रचीन राममंदिर में परंपरा रही है कि सरगुजा महाराज या उनके प्रतिनिधि के द्वारा प्रथम पूजा की जाती है एवं गर्भगृह का पट खोला जाता है। आज दोपहर 12 बजे श्री राममंदिन में पूजा एवं गर्भगृह के पट को खोलने के उपरांत टीएस सिंहदेव ने सभी नागरिकों को रामनवमी की बधाई दी एवं प्रभु राम के मर्यादा पुरुषोत्तम के आचरण को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रियासतकाल से सरगुजा राजपरिवार की पारिवारिक परंपरा सनातन धर्म की रही है, लेकिन निति के रुप में परिवार सर्वधर्म सद्भाव पर यकीन करता है। सर्वधर्म सद्भाव के साथ ही परिवार सरगुजा के आदीवासी संस्कृति के परंपराओं को भी अपने पूजा पद्धति में समावेश करता है। उन्होंने कहा कि चाहे रामनवमी में प्रभु श्री राम के मंदिर की प्रथम पूजा हो या नवरात्री में मां महामाया मंदिर में संधि पूजा हो सरगुजा राजपरिवार अपने परिवार के इन सनातनी परंपराओं को पूर्ण करने के लिये कृत संकल्पित है। रामनवमी की पूजा के उपरांत उन्होंने राजपरिवार की ओर से राममंदिर परिसर में आयोजित भंडारे को भी प्रारंभ किया और श्रद्धालुओं को भंडारे के प्रसाद का वितरण किया




# अस्पताल में मरीजों के बीच फसल का किया गया वितरण

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 06 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

परमपूज्य सदगुरुदेव सतपालजी महाराज की प्रेरणा से पूरे भारत वर्ष में परम आराध्या जगतजननी माता राज राजेश्वरी की जयंती 6 अप्रैल को मातृ दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा लोक कल्याण की भावना से जगह-जगह शीतल प्याऊ एवं फल वितरण का कार्यक्रम किया गया। इसी तरह मानव उत्थान सेवा समिति जिला सरगुजा द्वारा महात्मा सुगंधी बाईजी के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय अंबिकापुर में चिकित्साकों की उपस्थिति में फल वितरण किया गय। इस अवसर पर प्रभारी अस्पताल अधीक्षक आरसी आर्या, सिविल सर्जन डॉ रेलवानी तथा सहायक अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भाजपा स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण

» पार्टी कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और व्यक्ति अंतिम की भावना से कार्य करते हैं:भारत सिंह




- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आज प्रातः 9 बजे संकल्प भवन जिला कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत माता की जय व वंदे मातरम के उद्घोष के बीच भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ध्वजारोहण किये तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनायें देते हुए कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री सिसोदिया ने भाजपा के ऐतिहासिक सफर और इसके मूल विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''भारतीय जनता पार्टी न केवल एक राजनैतिक दल है, बल्कि यह राष्ट्रसेवा की वह प्रेरणाशक्ति है,जो अंत्योदय की भावना से समाज के अंतिम जन तक विकास और विश्वास की लौ पहुँचाने का कार्य करती है। उन्होंने भाजपा के पितृपुरुषों पं. दीनदयाल उपाध्याय,डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी जी को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी नीतियाँ और सिद्धांत आज भी हमारे मार्गदर्शक हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को वैश्विक मंच पर मजबूत और स्वाभिमानी राष्ट्र के रूप में उभरता हुआ बताया।

उन्होंने बताया भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को एक ऐसे वैचारिक आंदोलन के रूप में हुई थी, जो राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक गौरव और सुशासन के मूल सिद्धांतों पर आधारित है। पार्टी की यात्रा संघर्षों से शुरू होकर आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनने तक पहुँची है। भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता 'राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और व्यक्ति अंतिम' की भावना के साथ कार्य करता है। भाजपा का मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' आज जन-जन का नारा बन चुका है। साथ महापौर मंजूषा भगत, जिला पंचायत अध्यक्षा निरूपा सिंह , सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, पार्षद मनीष सिंह, अनिल जायसवाल,अरुणा सिंह ,कमलेश तिवारी,मनोज कंसारी, देवकी त्रिपाठी और पार्टी कार्यकर्ताओं ने मीसा बंदी एवं वरिष्ठ नेता देवश्वर सिंह, पी.आर. कश्यप, काशीराम तिवारी, नागेश मिश्रा व करताराम गुप्ता के घर जाकर उनसे भेंट मुलाक़ात की द्य सभी वरिष्ठजनो ने आशीर्वचन देते हुए पार्टी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पार्टी कार्यालय के कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा,अभिमन्यु गुप्ता,मधु चौदहा,आलोक दुबे,विद्यानंद मिश्रा, मनोज गुप्ता, रूपेश दुबे, निलेश सिंह, रविन्द्र गुप्त भारती, अंकित जायसवाल,संदीप सोनी, मयंक जायसवाल, धनंजय मिश्रा, मनोज सोनी, अजय सोनी, माता प्रसाद, उपेंद्र सिंह, सतीश शर्मा, रिंकू वर्मा, वेदांत तिवारी, वीर सोनी, श्वेता गुप्ता, ममता तिवारी, सोनू तिग्गा, नीलम रजवाड़े, प्रियंका चौबे, इंदु नेताम, पूनम सिंह, बबली नेताम, शालिनी सिंह, माया मिश्रा, इंदु गुप्ता, सरिता जायसवाल, अर्चना सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महामाया मंदिर से बाइक चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

महामाया मंदिर के पास से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार सिकंदर नगेशिया शहर के करीब डबरीपानी बधियाचुआं का रहने वाला है। वह 4 अप्रैल की रात करीब 9 बजे बाइक क्रमांक सीजी 15 सीयू 2734 से महामाया मंदिर दर्शन करने व प्रोग्राम देखने गया था। वह बाइक को मंदिर के सामने सड़क पर खड़ा किया था और प्रोग्राम देखने परिसर के अंदर चला गया था। रात करीब 11 बजे वापस जाने के लिए निकला तो उसकी बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डॉक्टर के घर से 1 लख 40 हजार के कीमती सामान चोरी

- संवाददाता -
जशपुर,06 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



निजी अस्पताल के न्यूरो सर्जन डॉक्टर ने अपने ऑफिस के मार्केटिंग कर्मचारी पर चोरी का आरोप लगया है। डॉक्टर ने कार की चाबी, एप्पल आई वाच, स्टनलेस स्टील टॉमी हिल फिगर वॉच, एप्पल आई पोर्टस 2 नग एवं बीक क चाबी चोरी करने की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। कुल चोरी 1 लाख 40 हजार रुपए बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार डॉ. बीव्हीएस राम शहर के गांधीनगर स्थित हरि देवेन्द्रम कालोनी में रहता है और शहर के एक निजी अस्पताल में न्यूरो सर्जन है। वह गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह पुलिस को बताया है कि मेरा आफिस में ही अभिषेक सिंह मार्केटिंग का काम करता है, जो मेरे निवास पर अभिषेक इ्क्षसह का आना जाना रहता है। उसके द्वारा मेरी कार की चाबी, एप्पल आई वाच, स्टनलेस स्टील टॉमी हिल फिगर वॉच, एप्पल आई पोर्टस 2 नग एवं बाइक की चाबी चोरी कर ले गया था। जिसमें में से बाइक एवं कार की चाबी वापस कर दिया है। उसके वापस करने के पूर्व में उक्त चाबी के रिपेयर में करीब 70 हजार रुपए खर्च कर पड़ा है। डॉक्टर ने आरोप लगाया है कि चोरी से 1 लाख 40 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। डॉक्टर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक इ्क्षसह के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## रेप पीड़िता ने बच्ची को दिया जन्म,नवजात को झाड़ियों में फेंका,अस्पताल में मौत



- संवाददाता -
जशपुर,06 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

जिले में एक नाबालिग लड़की के साथ पिछले 3 साल से दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित नाबालिग के गर्भवती होने पर उसने 7 माह के नवजात शिशु को जन्म दिया। लेकिन लोक-लाज और समाज के डर से उसने नवजात शिशु को झाड़ियों में फेंक दिया। जिसे चिंताजनक हालत में अस्पताल में भर्ती कराये जाने के बाद बच्चे की मौत हो गयी। नवजात शिशु की मौत के बाद अब पीड़िता ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

इस दौरान वह गर्भवती हो गई। उसने 7 माह की बच्ची को जन्म दिया फिर डर की वजह से उसने बच्ची को झाड़ियों में फेंक दिया। पीड़िता के इस खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपी रितेश तिग्गा के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस की टीम ने आरोपी रितेश तिग्गा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का ये पूरा मामला बगीचा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक बगीचा थाना क्षेत्र में 31 मार्च को राजपुरी नदी के किनारे झाड़ियों में नवजात बच्ची मिली थी। राहगीर ने बच्ची के रोने की आवाज सुनकर जब झाड़ियों में जाकर देखा, तो उन्हे खून से लथपथ एक नवजात बच्ची मिली। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

नवजात शिशु को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान नवजात की मौत हो गई। नवजात शिशु की मौत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। तभी एक नाबालिग लड़की खुद थाने पहुंची। पीड़ित नाबालिग ने इस पूरी घटना का खुलासा पुलिस के सामने किया। उसने बताया कि डुमरटोली निवासी 26 साल का रितेश तिग्गा पिछले 3 साल से उसका यौन शोषण कर रहा था।



## महामाया मंदिर दर्शन करने गई महिला हुई चेन स्नेचिंग की शिकार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि पर रविवार को महामाया मंदिर दर्शन करने गई महिला चेन स्नेचिंग के शिकार हो गई है। महिला ने मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की है। चेन का कीमत 55 से 60 हजार रुपए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार संजू साहू पति हरिराम शहर के नमनाकला की रहने वाली है। वह चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि पर रविवार की सुबह महामाया मंदिर दर्शन करने गई थी। वह मंदिर पहुंचकर पहले प्रसाद खरीदी। इसके बाद दर्शन करने मंदिर के पास पहुंची। इस दौरान वह अपनी आंचल सही कर रही थी तो पता चला की गले में सोने का चेन नहीं है। चेन स्नेचिंग की आशंका पर वह मामले की जानकारी मंदिर में मोजूद पुलिस कर्मियों को दी। महिला का मनना है कि प्रसाद खरीदने के दौरान किसी ने चेन स्नेचिंग कर लिया है। वह मामले की शिकायत कोतवाली में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।





# फिर दिखी भारत की ताकत, श्रीलंका ने 11 मछुआरों को किया रिहा

## बीते दिन पीएम मोदी ने उठाया था मुद्दा



**कोलंबो,06 अप्रैल 2025।** भारत ने एक बार फिर अपनी ताकत दिखाई है। पीएम मोदी के मछुआरों के मुद्दे को मानवीय दृष्टिकोण से हल करने की वकालत करने के बाद श्रीलंका ने विवादित मसले का समाधान किया है। प्रधानमंत्री मोदी के भारत लौटने से पहले ही श्रीलंका ने जेल में बंद 11 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया।


शनिवार को पीएम मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच बातचीत के दौरान मछुआरों का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। इस मामले को लेकर पीएम मोदी ने कहा था कि हमने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। हमने मछुआरों और उनकी नावों की तत्काल रिहाई पर भी जोर दिया।

इसके बाद श्रीलंका ने 11 मछुआरों को रिहा कर दिया। दरअसल श्रीलंका-भारत के बीच मछुआरों के मुद्दे को लेकर हमेशा विवाद रहा है। पहले कई बार श्रीलंकाई नौसेना पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों के खिलाफ बल प्रयोग कर चुकी है।

शनिवार को मीडिया ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा था कि मछुआरों के मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच काफी विस्तार से चर्चा हुई। इन मुद्दों पर सहयोग के लिए मानवीय और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। ये ऐसे मुद्दे हैं जो खाड़ी के दोनों किनारों पर मछुआरों की आजीविका को प्रभावित करते हैं।

मिस्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह मछुआरों के लिए एक दैनिक मुद्दा है और हाल के दिनों में की गई कुछ कार्रवाइयों पर पुनर्विचार किया जा सकता है। विदेश सचिव ने कहा था कि दोनों पक्षों ने इस मुद्दे पर चर्चाओं को तेज करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। दोनों पक्ष श्रीलंका और भारत के बीच मछुआरों के संघ की वार्ता का अगला दौर आयोजित करने पर विचार कर रहे हैं।

# दक्षिण कोरिया में आग बुझाने के दौरान हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत



**सियोल,06 अप्रैल 2025।** दक्षिण-पूर्वी दक्षिण कोरिया से एक बड़ी खबर साममे आ रही है। जहां रविवार को जंगल में लगी आग बुझाने के दौरान दौरान एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें हेलीकॉप्टर के पायलट की मौत हो गई। यह हेलीकॉप्टर जंगल की आग बुझाने के लिए उड़ान भर रहा था। स्थानीय अग्निशमन कार्यालय के अनुसार, यह दुर्घटना डेगू शहर की पहाड़ी पर लगी आग को बुझाने के दौरान हुई। हालांकि, हादसे के बाद आग को लगभग एक घंटे के भीतर बुझा लिया गया था।

मामले में ताजा अपडेट के अनुसार अब तक पायलट की पहचान और दुर्घटना के कारण का पता नहीं चल पाया है। बता दें कि यह हादसा ऐसे समय में हुआ है जब पिछ्ले महीने दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों में अब तक की सबसे भीषण जंगल की आग लगी थी। तेज हवाओं और शुष्क मौसम की वजह से कई जगह आग ने काफी तबाही मचाई थी और बड़ी मात्रा में भूमि जल गई थी।

### 31 लोगों की अब तक गई है जान

गौरतलब है कि पिछले महीने के अंत में दक्षिण कोरिया में लगी आग के चलते इलाके में जबरदस्त तबाही मची है। इस जंगल की आग में अबतक 31 लोगों की जान चली गई, जिनमें एक पायलट भी शामिल है। यह पायलट उसी हेलीकॉप्टर में सवार था जो जंगल की आग को बुझाने के प्रयास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह हादसा कोरिया में अग्निशमन अधिकारियों के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वे जंगल की आग को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, और यह घटना उनके लिए एक और कठिन चुनौती बन गई है।

# टाइम्स स्क्वायर होटल की 16 वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत,सुनाई दी धमाके की आवाज,पुलिस ने शुरू की जांच




**न्यूयॉर्क,06 अप्रैल 2025।** न्यूयॉर्क के मिडटाउन स्थित टाइम्स स्क्वायर होटल की 16वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत हो गई। युवक होटल के कमरे की खिड़की से गिरा तो जोरदार धमाका हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो युवक बगल की इमारत की छत पर मृत मिला। पुलिस युवक की मौत के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस ने पूछताछ के लिए एक महिला को हिरासत में लिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस का कहना है कि सुबह 6꞉30 बजे वेस्ट 45वीं स्ट्रीट और सेवेंथ एवेन्यू के पास से युवक के होटल की 16वीं मंजिल से गिरने की सूचना मिली। पुलिस को होटल में रुकी इटली के एक पर्यटक ने बताया कि उसने होटल के कमरे से चिल्लाने की आवाजें सुनीं। सुबह जब मैं सोकर उठा तो कोई चिल्ला रहा था। एक महिला चिल्लाते हुए बोल रही थी कि वापस आओ, वापस आओ।

जर्मन पर्यटक अन्ना कट्सरारू ने कहा कि कमरे से अजीब तरह की आवाज आ रही थी। जैसे कोई बड़ी मेज जमीन पर खिसकाई जा रही हो। इसके बाद हमने धमाके जैसी आवाज सुनी। ऐसा लगा कि जैसे कोई अपने बिस्तर से गिर गया हो। यह आवाज काफी तेज थी। इसके बाद कोई रो रहा था। इसके बाद महिला चिल्लाने लगी। फिर एक दूसरी आवाज आई जो किसी पुरुष की थी, जो मदद के लिए चिल्ला रहा था। इसके बाद मैंने पुलिस की आवाज सुनी। पुलिस ने कहा कि युवक की मौत की जांच चल रही है। मौके का जायजा लिया गया। पुलिस जांच कर रही है कि युवक गलती से गिरा या जानबूझकर।

### ट्रेन की टक्कर से हुई थी व्यक्ति की मौत

पिछले महीने टाइम्स स्क्वायर में 56 वर्षीय एक व्यक्ति की नंबर 2 ट्रेन से टक्कर हो गई थी। वह ट्रेन के डिब्बों के बीच यात्रा कर रहा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रैक पर गिर गया। ट्रेन टाइम्स स्क्वायर-42वें स्ट्रीट स्टेशन पर पहुंची। तो अधिकारियों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के कारण मेट्रो सेवा बाधित हुई।

# ब्रिटेन की दो सांसदों को इस्राइल ने एंट्री देने से किया इनकार

## हिरासत में लिया, दोनों देशों में बढ़ा तनाव

**लंदन,06 अप्रैल 2025।** इस्राइल की सरकार ने ब्रिटेन की दो सांसदों को अपने देश में एंट्री देने से इनकार कर दिया और उन्हें हिरासत में ले लिया। बाद में दोनों को निर्वासित कर दिया गया। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने इसे अस्वीकार्य और बेहद चिंताजनक बताया है। इस घटना से दोनों देशों में तनाव पैदा हो गया है। हालांकि इस्राइल ने अभी तक सांसदों को रोकने की वजह नहीं बताई है।

### इस्राइल ने सांसदों की एंट्री रोकी तो भड़का ब्रिटेन

इस्राइल ने जिन सांसदों को एंट्री देने से इनकार किया है, उनमें युआन यांग और एब्तेसाम मोहम्मद का नाम शामिल है। दोनों सांसद सत्ताधारी लेबर पार्टी की सांसद हैं। दोनों लंदन से इस्राइल पहुंचीं थीं, लेकिन इस्राइल की सरकार ने उन्हें अपने देश में एंट्री नहीं दी और दोनों को एयरपोर्ट से ही निर्वासित कर दिया गया। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने इस पर नाराजगी जताई और कहा कि यह बिल्कुल अस्वीकार्य और बेहद चिंताजनक है कि संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल दो ब्रिटिश सांसदों को हिरासत में लिया गया। इस्राइली अधिकारियों ने उन्हें प्रवेश देने से मना कर दिया। मैंने अपने इस्राइली समकक्ष से साफ कह दिया है कि ब्रिटिश सांसदों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। हम दोनों सांसदों के संपर्क में हैं और उनका समर्थन कर रहे हैं। ब्रिटेन सरकार का फोकस युद्ध विराम कराने, रक्तपात रोकने और बंधकों को मुक्त कराने पर है।



### बच्चों के यौन शोषण के आरोप में ब्रिटिश सांसद गिरफ्तार

ब्रिटेन के एक सांसद को बच्चों के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सांसद पर शक है कि उन्होंने एक बच्ची का यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म किया। आरोप है कि सांसद ने साल 2000 में बच्ची का यौन शोषण किया। अब जांच के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सांसद सत्ताधारी लेबर पार्टी के नेता हैं और गिरफ्तारी के बाद सांसद को पार्टी ने निलंबित कर दिया है। आरोपी सांसद डैन नोरिस ब्रिटेन के नॉर्थ ईस्ट सोमरसेट से सांसद हैं।

# इस्राइल ने गाजा पर रातभर बरसाए बम,15 लोगों की मौत

## मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल

**नई दिल्ली,06 अप्रैल 2025।** इस्राइल ने गाजा पट्टी पर रातभर बमबारी की। इस्राइली हमलों में 15 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 10 महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को इस्राइली हमलों के बारे में जानकारी दी।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइली हमलों में अब तक कम से कम 50,695 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हालांकि, मंत्रालय ने यह जानकारी नहीं दी कि मरने वालों में कितने नागरिक और लड़ाके थे।

स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इस्राइली हमलों में लगभग 115,338 लोग घायल हुए हैं। वहीं, इस्राइल का कहना है कि उसने 20,000 आतंकवादियों को मार गिराया है।

### इस्राइल ने पिछले महीने युद्धविराम तोड़ शुरू किए हमले

इस्राइल ने पिछले महीने हमास के साथ युद्धविराम तोड़ दिया और आतंकवादी संगठन पर दबाव बनाने के लिए फिर से हवाई और जमीनी स्थर पर हमले शुरू कर दिए। इस्राइल ने हमास आतंकियों पर युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए नए समझौते को स्वीकार करने का दबाव बनाने के लिए कई हमले किए। साथ ही कई इलाकों पर कब्जा भी कर लिया है। इसके साथ ही इस्राइल ने गाजा में भोजन,ईंधन और मानवीय सहायता रोक दी है।

### खान यूनिस पर हमले में भी मारे गए 15 लोग

नासिर अस्पताल के अनुसार, हाल ही में इस्राइल ने गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक तंबू और एक घर पर हमला किया गया, जिसमें पांच पुरुष, पांच महिलाएं और पांच बच्चों की मौत हो गई। मरने वालों के शवों को नासिर अस्पताल में ले जाया गया।



### 7 अक्तूबर, 2023 को शुरू हुआ था युद्ध

बता दें कि हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्तूबर, 2023 को इस्राइल पर हमला किया था। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। इस दौरान हमास ने 251 लोगों को बंधक बना लिया था। गाजा में अभी भी 59 बंधक हैं, जिनमें 24 के जिंदा होने का अनुमान है। हमास के हमले के जवाब में इस्राइल ने भी गाजा पर हमला किया, जिसके बाद इस्राइल और हमास के बीच युद्ध छिड़ गया, जो अल्पकालिक युद्धविराम को बाद फिर से शुरू हो गया है।

# रेत कलाकार ने बढ़ाया भारत का मान,यूके ने दिया द फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार

**लंदन,06 अप्रैल 2025।** विश्व प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने एक बार फिर भारत का मान बढ़ाया है। कला क्षेत्र में बेहतरीन योगदान पर सुदर्शन पटनायक को ब्रिटिश द फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह ब्रिटेन के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शनिवार से शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव के दौरान पटनायक ने विश्व शांति के संदेश के साथ भगवान गणेश की 10 फीट ऊंची रेत की मूर्ति बनाई। इसके बाद उनको फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया।



पटनायक ने कहा कि मैं वेमाउथ यूके में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव सैंडवर्ल्ड 2025 में फ्रेड डारिंगटन ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय कलाकार बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। वेमाउथ के मेयर जॉन ओरेल ने महोत्सव में पटनायक को पुरस्कार और पदक प्रदान किया। सैंडवर्ल्ड के निदेशक मार्क एंडरसन, डेविड हिक्स और लंदन में भारतीय उच्चायोग में संस्कृति मंत्री नाओरेम जे सिंह पुरस्कार समारोह में उपस्थित थे।

वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुरी के रहने वाले पटनायक को पुरस्कार के लिए बधाई दी। माझी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित और प्रख्यात रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक को पहले ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार द फ्रेड डारिंगटन से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई। उनके योगदान ने वैश्विक मंच पर हमारे देश और राज्य की सांस्कृतिक विरासत को और बढ़ाया है।

सुदर्शन पटनायक को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने दुनिया भर में 65 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रेत मूर्तिकला चैंपियनशिप और महोत्सवों में भाग लिया है। उन्हें उनकी प्रतिष्ठित रचनाओं के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

### सैंडवर्ल्ड में रेत की मूर्तियों की दिखती है झलक

वेमाउथ में सैंडवर्ल्ड पर्यटक आकर्षण का केंद्र है। यहां दुनिया भर के कलाकार असाधारण रेत की मूर्तियां बनाते हैं। आयोजकों ने कहा कि वेमाउथ के लोडमूर पार्क में स्थित सैंडवर्ल्ड हर मौसम में खुला रहता है। यह रेत और पानी के अलावा किसी और चीज का उपयोग करके कला के अविश्वसनीय कार्यों को जीवंत बनाता है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में घायल युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 06 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के रमकोला के पास शनिवार को दो बाइकों में आमने सामने भिड़ंत हो गई थी। दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए वाड्रफनगर से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजकुमार पिता कंचन राम गोंड़ उम्र 40 वर्ष सूरजपुर जिले के रेवटी थाना क्षेत्र के ग्राम गोविन्दपुर का रहने वाला था। वह शनिवार की सुबह बाइक से बहन के घर ग्राम धुरिया गया था। वहां से वापस लौट रहा था। तभी दूलदूली रमकोला के पास सामने से आ रहे बाइक सवार से भिड़ंत हो गई थी। दुर्घटना में राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# कुंवरपुर बांध मोड के पास स्कूटी सवार आनियंत्रित होकर 20 फीट नाले में गिरा,तीन युवक घायल एक जिला अस्पताल रेफर

- संवाददाता -
लखनपुर,06 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित कुंवरपुर बांध मोड के पास 6 अप्रैल दिन रविवार की शाम लगभग 4 बजे स्कूटी सवार अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे नाले में जा गिरा स्कूटी में सवार 3 युवक घायल हो गए। सर में गंभीर चोटे होने पर घायल युवक को उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया है वही दो युवक को मामूली चोटे आई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक राहुल दास पिता मोटू राम ग्राम कृष्णापुर निवासी जो अपने दो अन्य साथियों के साथ स्कूटी में सवार होकर रामगढ़ मेला आए थे।रामगढ़ मेला से वापस अपने गृह ग्राम लौटने के दौरान कुंवरपुर बांध मोड के पास स्कूटी सवार ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और सड़क से उछलकर 20 फीट नीचे नाले में स्कूटी सवार जा गिरे।स्कूटी चालक राहुल दास के सर और चेहरे में गंभीर चोटे आई ।विक्रम सिंह मंडल महामंत्री भाजपा के द्वारा 112 टीम के वहान के माध्यम से उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद राहुल दास को गंभीर चोट होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



CMYK

# भाजपा के स्थापना दिवस की तैयारियों का मंत्री श्याम बिहारी ने लिया जायजा और की विस्तृत चर्चा

## विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है भाजपा:श्याम बिहारी जायसवाल



### भाजपा के मुख्य बिंदु...

- स्थापनाः 6 अप्रैल 1980
- मुख्यालयः नई दिल्ली
- विचारधाराः रूढ़िवाद, हिन्दुत्व, राष्ट्रवाद और आर्थिक उदारीकरण
- नेताः नरेंद्र मोदी
- सदस्यताः 17 करोड़ से अधिक सदस्य

### भाजपा का इतिहास

- भारतीय जनसंघः 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित
- जनता पार्टीः 1977 में जनसंघ और अन्य पार्टियों के साथ विलय
- भाजपाः 1980 में जनता पार्टी के विघटन के बाद स्थापित

आज, भाजपा भारत की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसके 1435 से अधिक विधायक हैं और 17 करोड़ से अधिक सदस्य हैं और इसी संगठन को और मजबूती देने भाजपा के एक एक कार्यकर्ता दृढ़ संकल्पित है। इसके साथ ही स्थानीय विधायक ने ग्रामीणों क्षेत्रों के दौरे में ग्रामीणों से मुलाकात की और क्षेत्र के विकास सहित समस्याओं को जाना तथा मौके पर ही निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

-संवाददाता-
एमसीबी,06 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर स्थानीय विधायक व प्रदेश कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अपने विधानसभा में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया इससे पहले खड़गवां के जनपद पंचायत सामुदायिक भवन में आयोजित खड़गवां मंडल कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए और राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। सभी ने संगठन की मजबूती और सेवाभाव से आगे बढ़ने का संकल्प लिया। विदित हो कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। यह भारत की दो प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में से एक है और वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सत्तारूढ़ पार्टी है। भाजपा की जड़ें भारतीय जनसंघ में हैं, जिसकी स्थापना 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। पार्टी की विचारधारा में रूढ़िवाद, हिन्दुत्व, राष्ट्रवाद और आर्थिक उदारीकरण शामिल हैं।

# सबका साथ सबका विकास की उद्घोषणा के साथ गौरव संपन्न भारत का पुनर्निर्माण कर रही भाजपा:देवेंद्र तिवारी

## सुदृढ़,समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में देश को विश्वपटल पर रखने कृतसंकल्पित रही है भाजपा:कृष्ण बिहारी जायसवाल



-संवाददाता-
बैकुंठपुर,06 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

6 अप्रैल को पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसी तरह कोरिया जिले के बैकुंठपुर भाजपा कार्यालय में भी भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में किया गया। जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कार्यालय परिसर में भाजपा का झंडा फहराया और भाजपा की नींव रखने वाले महापुरुषों की प्रतिमाओं पर फूल माला अर्पण कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,निवर्तमान जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता,मंडल अध्यक्ष अनिल खटीक, कुबेर साहू , रवि त्रिपाठी, रमन गुप्ता, डॉ राकेश शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम विशेष के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया की भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। कांग्रेस की एकाधिकार वाली एक-दलीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था के रूप में जानी जाने वाली भारतीय राजनीति को भारतीय जनता पार्टी ने दो ध्रुवीय बनाकर एक गठबंधन-युग के सूत्रपात में अग्रणी भूमिका निभाई है। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी। आज तीन दशक बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है तथा भारी बहुमत से भाजपा नीत राजग सरकार केन्द्र में विद्यमान है। जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया की भारतीय जनता पार्टी एक सुदृढ़,सशक्त,समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय है। पार्टी की कल्पना एक ऐसे राष्ट्र की है जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति तथा उसके मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए महान 'विश्वशक्ति' एवं 'विश्व गुरू' के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो। इसके साथ ही विश्व शांति तथा न्याययुक्त अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को स्थापित करने के लिए विश्व के राष्ट्रों को प्रभावित करने की क्षमता रखे । भाजपा भारतीय संविधान में निहित मूल्यों तथा सिद्धांतों के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित राज्य को अपना आधार मानती है। पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे लोकतान्त्रिक राज्य की स्थापना करना है जिसमें जाति, सम्प्रदाय अथवा लिंगभेद के बिना सभी नागरिकों को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय, समान अवसर तथा धार्मिक विश्वास एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो। स्थापना दिवस कार्यक्रम में संबोधन की अगली कड़ी में निवर्तमान जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने बताया की आज भाजपा देश में एक प्रमुख राष्ट्रवादी शक्ति के रूप में उभर चुकी है एवं देश के सुशासन,विकास, एकता एवं अखंडता के लिए कृतसंकल्प है। 10 साल पार्टी ने विपक्ष की सक्रिय और शानदार भूमिका निभाई। 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनी,जो आज 'सबका साथ, सबका विकास' की उद्घोषणा के साथ गौरव सम्पन्न भारत का पुनर्निर्माण कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा लगभग 11 करोड़ सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गयी है। कृष्ण बिहारी जायसवाल ने बताया की 26 मई, 2014 को श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने कम समय में ही अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने विश्व में भारत की गरिमा को पुनः स्थापित किया,राजनीति पर लोगों के विश्वास को फिर से स्थापित किया। अनेक अभिनव योजनाओं के माध्यम से नए युग की शुरुआत की। अन्त्योदय, सुशासन, विकास एवं समृद्धि के रास्ते पर देश बढ़ चला है। आर्थिक और सामाजिक सुधार सुरक्षित जीवन जीने का मार्ग उपलब्ध करा रहे हैं। किसानों के लिये ऋण से लेकर खाद तक की नयी नीतियां जैसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड, आदि ने कृषि के तीव्र विकास की अलख जगायी है। ये नया युग है सुशासन का। चाहे आदर्श ग्राम योजना हो, स्वच्छता अभियान या फिर योग के सहारे भारत को स्वथ्य बनाने का अभियान, इन सभी कदमों से देश को एक नयी ऊर्जा मिली है । संबोधन की अंतिम कड़ी में भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने बताया की भाजपा की मोदी सरकार ने 'मेक इन इंडिया', 'स्किल इंडिया', अमृत मिशन, दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना, डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं से भारत को आधुनिक और सशक्त बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है। जनधन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी अनेक योजनाएं देश में एक नयी क्रांति का सूत्रपात कर रही हैं। भाजपा सरकार ने देशवासियों को विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा योजना का उपहार दिया है। महामंत्री श्री गुप्ता ने भारतीय राजनीति में भाजपा के योगदान का बखान करते हुए कहा की राष्ट्रीय अखण्डता, कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय, कबाइली वेश में पाकिस्तानी आक्रमण का प्रतिकार, परमिट व्यवस्था एवं धारा 370 की समाप्ति व पृथकतावाद से निरन्तर संघर्ष करने वाली एकमात्र पार्टी भारतीय जनसंघ या भाजपा है, अन्यथा कश्मीर का बचना कठिन था। उसी तरह गोवा मुक्ति आंदोलन, सत्याग्रह एवं बलिदान। भाजपा के दबाव के बाद ही सरकार ने सैनिक कार्यवाही की। बेरुबाड़ी एवं कच्छ समझौते हमारी राष्ट्रीय अखण्डता के लिए चुनौती थे। भाजपा ने इस चुनौती का सामना किया। आज भी देश में राष्ट्रीय अखण्डता के मुद्दे उठाना पृथकतावाद से जूझना एवं इस निमित्त समाज को निरन्तर जाग्रत रखने का काम भाजपा ही कर रही है।

# एनटीपीसी के धनरास राखड़ डेम से उड़ रही राख से त्रस्त ग्रामीणों ने प्रबंधन के खिलाफ शुरू किया आंदोलन



-संवाददाता-
कोरबा 06 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन के कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित कोरबा सुपर थर्मल पॉवर प्लांट जहा विद्युत उत्पादन हेतु प्रयुक्त होने वाले कोयले की उत्सर्जित राख का निपटान प्रबंधन सदैव ही चिंताजनक सुर्खियों में रहा हैं। हालांकि प्रबंधन ने राख की भीषण परिणीती से आम जनजीवन को बचाये रखने के लिये आधुनिकतम तकनीकी विशेषताओ के साथ विशाल राखड़ बाँध को संयंत्र एवं जन आबादी से दूर स्थापित किया गया हैं, किंतु उनका यह प्रबंधन कारगार नहीं हो पा रहा। मोटे-मोटे पाइपों की लाइन बिछाकर संयंत्र से उत्सर्जित राख को पानी में घोलकर भारी हवा के दबाव के साथ संयंत्र के उत्सर्जित राख को राखड़ बाँध तक पहुंचाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित हैं, किंतु दुखद यह हैं की युक्तायुक्त प्रबंधन के अभाव में यह राख मार्ग में ही मोटे पाइप को तोड़ बाहर निकलकर राखड़ का सैलाब फैला देती हैं, और यदि यह राख गंतव्य राखड़ बाँध तक पहुंच भी जाती हैं तो बाँध के तट को तोड़कर बाहर निकल भागती हैं। सुनिश्चित प्रबंधन के अधीन यह व्यवस्था होती हैं की बाँध के अंदर पानी में घुली कीचड़नुमा राख बाँध की तलहटी में बैठ जाती हैं और ऊपर जमे पानी को एक विशेष प्रकार से निर्मित कुओ के रास्ते छानकर बाहर नदी-नालो में प्रवाहित कर दिया जाता हैं। किंतु यहां सर्वाधिक दुखद पहलु यह हैं की राखड़ को पानी की ऊपरी सतह से ढककर रखा जाता हैं, ताकि वह उड़कर आसपास की आबादी को हानि न पहुंचा सके। किंतु धरातलीय स्तर पर यह प्रबंधन क्रमानुसार संचालित होने की बजाय अनेक प्रकार से बाधित होता हैं। परिणामतः सीमेंट और टेलकम पाउडर के रूप में परिवर्तित यह राखड़ हवा के थोड़े से दबाव में ही उड़ कर अँधेरे के गुबार में परिवर्तित हो जाता हैं। यह सारा क्रम यहां अब नागरिकों के लिए अभिशाप बन चुका हैं। एनटीपीसी धनरास राखड़ बांध से लगातार उड़ रहे राख से त्रस्त ग्राम पंचायत धनरास के ग्रामीणों ने 6 अप्रैल से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन के पहले दिन ही राखड़ ले जा रहे वाहनों की लंबी कतार लग गई और राखड़ बांध क्षेत्र का कार्य पूरी तरह ठप्प हो गया। ग्रामीणों की यह नाराजगी बीते छह महीनों से चल रही तीन प्रमुख मांगों को लेकर है, जिनमें रोजगार, मजदूरी दर में वृद्धि और राखड़ डस्ट क्षतिपूर्ति प्रमुख हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार आवेदन देकर और आंदोलन कर अपनी समस्याएं उठाई हैं, लेकिन एनटीपीसी प्रबंधन और प्रशासन द्वारा अब तक केवल आश्वासन ही दिया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, साथ ही प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप करने अपील की गई है।


# पूरन राम राजवाड़े ने दो नए विकास कार्यों का किया भूमि पूजन



-संवाददाता-
सूरजपुर 06 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

नगर पंचायत जरही में अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े ने दो नए विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। उनके अध्यक्ष बनने के बाद यह पहली बार है जब नगर में दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की शुरुआत हुई है। पहला भूमि पूजन शिव मंदिर परिसर में मंगल भवन निर्माण के लिए किया गया। इस भवन के निर्माण पर 15 लाख रुपये की लागत आएगी, जिससे नगरवासियों को सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के लिए एक सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। दूसरा भूमि पूजन पुराने ग्रामीण बैंक परिसर में अटल परिसर के निर्माण के लिए संपन्न हुआ। इस परिसर के बनने से न केवल चौक की सुंदरता में वृद्धि होगी बल्कि स्थानीय लोगों को भी लाभ मिलेगा। इस निर्माण कार्य के लिए 6.40 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। निर्माण की जिम्मेदारी मेसर्स आर्या इंटरप्राइजेज को सौंपी गई है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े ने कहा, मेरी प्राथमिकता नगर पंचायत क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को सुनिश्चित करना है, जिससे यहां के नागरिकों को अधिक सुविधाएं मिल सकें। भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता दशरथ सिंह, मंडल महामंत्री अशोक गुप्ता, समय लाल मिश्रा,बिट्टू सिंह राजपूत, ओ.पी सिंह, शरदचंद्र द्विवेदी, मनीष मिश्रा, रामदेव रजक, प्रेम साहू और जय बहादुर सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा,नगर पंचायत जरही के सीएमओ और इंजीनियर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# शादी से पहले युवती ने खुदकुशी,परिजनों में मचा कोहराम



-संवाददाता-
जशपुर,06 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

जिले के बगीचा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुटूंगा से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां शादी के कुछ दिन पहले ही एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका ग्राम बुटूंगा के सरपंच नकुल राम की बेटी प्रतिमा थी, जिसकी शादी की तैयारियां पूरे परिवार द्वारा जोर-शोर से की जा रही थीं। लेकिन आज सुबह प्रतिमा ने अपने घर के पास लगे एक पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।घटना की जानकारी मिलते ही बगीचा पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। प्रतिमा की आत्महत्या के पीछे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। बेटी की इस अप्रत्याशित और दुखद कदम से पूरा परिवार सदमे में है और गांव में शोक की लहर फैल गई है।

# नगरनिगम आयुक्त ने प्रगतिशील कार्यों के गुणवत्ता का निरीक्षण कर दिया आवश्यक निर्देश



-संवाददाता-
कोरबा,06 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने दर्री जोनांतर्गत स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासगृहों का निरीक्षण किया। इन आवासगृहों के मरम्मत का कार्य निगम के द्वारा कराया जा रहा है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आवासगृहों के मरम्मत कार्य,बाउण्ड्रीवाल निर्माण,मकानों के दरवाजे,खिड़की,विद्युत वायरिंग व परिसर के विकास कार्य सहित अन्य कार्यों को शीघ्र पूरा करने एवं पात्र हितग्राहियों को इन आवासगृहों का आबंटन किए जाने की कार्यवाही त्वरित रूप से कराए जाने एवं कार्य को गुणवत्ता से कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होने आवासगृहों में पेयजल की समुचित व्यवस्था किए जाने हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को भी कहा। इस दौरान आयुक्त ने दर्री क्षेत्र के विभिन्न वार्डो व बस्तियों का भ्रमण करते हुए वहाँ के साफ-सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मुख्य मार्गो की सफाई कार्य प्रातः 08 बजे से पूर्व किया जाना सुनिश्चित करें,साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि प्रातः 08 बजे के बाद मुख्य मार्गो के किनारे कचरा न दिखें। उन्होने वार्डो में स्थित नालियों, सड़कों आदि की व्यवस्थित रूप से साफ-सफाई किए जाने, कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करने तथा सफाई कार्य में तैनात सभी कर्मचारियों की कार्य स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

आयुक्त ने प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में खड़ी सिटी बसों का निरीक्षण किया तथा सिटी बसों का आवश्यक मरम्मत कार्य कर बसों को संचालित कराने के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर अजीत तिग्गा,कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह,स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी,राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह,सहायक अभियंता यशवंत जोगी,सुशील चन्द्र सोनी,डी.पी.साहू, प्रमोद जगत, जोन उप प्रभारी माहेश्वर सिंह, अरविंद पाण्डेय,देवनारायण पैकरा, सत्यप्रकाश राठौर,रामाधार सागर, तीजराम पटेल आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज की थीम पर कोरबा पुलिस द्वारा निकाली गई साइकिल रैली




-संवाददाता-
कोरबा,06 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

केंद्र सरकार द्वारा निर्देशित अभियान में खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया पहल के तहत और फिटनेस को हमारी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश से माननीय केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अभियान के तहत् फिट इंडिया मिशन के तहत the sunday on cycle फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज की थीम पर अपनी फिटनेस को बेहतर करने और एक्सरसाइज /साइकिलिंग को दिनचर्या में शामिल करने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में दिनांक-6/4/2025 रक्षित केंद्र ग्राउंड कोरबा से स्वास्थ्य जागरूकता हेतु साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली मे पुलिस बल, नगरसेना और एनसीसी के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए । इस रैली का उदेश्य था,पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी के साथ साथ सभी लोग अपनी बेहतर स्वास्थ बनाये रखने हेतु प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट अपने शारीरिक व्यायाम के लिए समय निकाले ।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर ने इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए फोर्स के जवानों से अपील किया कि अपने पसंद से साइकिलिंग, रनिंग, वॉकिंग या अन्य गतिविधियों को अपने दिनचर्या में शामिल कर और ओवरइटिंग से बचे, ताकि पाचन संबंधी समस्या से बचा जा सके, क्योंकि अधिकतर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पेट की समस्याओं से शुरू होती है। इन सभी बीमारी से बचाव के लिए नियमित व्यायाम करें और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखें। उक्त फिटनेस रैली निर्धारित रूट प्लान के अनुसार पुलिस लाइन ग्राउंड से शुरू होकर - कोसाबाड़ी चौक - सुभाष चौक - महाराणा प्रताप चौक-गुरु घासीदास चौक-टीपी नगर चौक - सीएसईबी चौक-जैन चौक-VIP रोड-आई टी आई कोसाबादी चौक- से होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर,रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा एवं निरीक्षक रूपक शर्मा,अभिनव कांत, ललित चंद्रा, दुर्गेश वर्मा व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त मिशन के दौरान लगभग 120 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए ।

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा.

रा0प्र0क्र0./ / ब-121/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ममता शर्मा पति दीपक शर्मा निवासी शीतला वार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा शीट क्रमांक-3 नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 1374/10 रकबा हे0.02 के भू-तल पर रकबा 66.15 वर्गमीटर और प्रथम तल पर रकबा 66.15 वर्गमीटर पर प्रस्तावित नक्शानुसार आवासीय भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र भवन निर्माण शाखा में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23/04/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नजूल अधिकारी
,अंबिकापुर

# रामनवमी पर कुदरगढ़ देवी दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





## कुदरगढ़ ट्रस्ट की आजीवन सदस्यों किया भंडारे का आयोजन

इस कुदरगढ़ ट्रस्ट के आजीवन सदस्यों ने भी भंडारे में अपनी सहभागिता दर्ज कराई है, इससे पूर्व उक्त व्यवस्था ट्रस्ट के द्वारा किया जाता रहा है है जिसमें लाखों का खर्च ट्रस्ट को वहन करना पड़ता था पर इस बार आजीवन मुकेश अग्रवाल के सुझाव व पहल पर सिद्धार्थ सिंह उनकी टीम के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया।

## भक्तिभाव से नवरात्रि का समापन

रविवार को पूर्णाहुति के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन किया गया। इस मौके पर मां कुदरगढ़ी,महामाया मंदिर समलाया मंदिर दुर्गा मंदिर जमडी सहित आसपास के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। नौ दिनों के उपवास के बाद व्रतियों ने अपने घरों में कन्या भोज कराया। जगह-जगह आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कुदरगढ़ धाम, महामाया मंदिर,समलाई मंदिर सहित क्षेत्र के मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां पूरे नौ दिनों तक सुबह-शाम आरती,अखंड रामायण पाठ,कीर्तन भजन का आयोजन हुआ। देवी मंदिरों में घृत एवं तेल के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। नवमी के दिन कन्या भोज के बाद विभिन्न समितियों द्वारा भंडारा लगाया गया। इस मौके पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। जशगीतों के साथ लोगों ने जवारा को विदा किया।

## कुदरगढ़ देवी दर्शन से लौटते वक्त हादसा, कार की टक्कर से पिता की मौत,बेटी घायल

-संवाददाता-
सूरजपुर 06 अप्रैल 2025



(घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में कुदरगढ़ देवी धाम से वापस लौटते समय नवडीहा और खरा के बीच जंगल में एक कार ने बाइक को सीधे टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार पिता की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी 8 साल की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्ची को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जाकारी के अनुसार, बाइक पर सवार एक पिता अपनी 8 साल की बेटी को स्कूल से लेकर घर लौट रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे जब वे नवडीहा के जंगल के पास पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई।

### घायल बच्ची को अस्पताल पहुंचाया

स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्ची को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, ताकि उसका बेहतर इलाज किया जा सके। कार में चार लोग सवार थे, जो बिहारपुर के निवासी थे और कुदरगढ़ देवी धाम के दर्शन करने के बाद वापस लौट रहे थे।

### कार चालक को झपकी आने से हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि कार चालक को अचानक झपकी आ गई थी, जिससे वह अपनी गाड़ी पर नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रही बाइक से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं, कार में सवार सभी चार लोगों को मामूली चोटें आईं और वे सुरक्षित हैं। इधर, कार और बाइक के बीच इतनी जोरदार टक्कर हुई कि कार के आगे वाला हिस्सा पूरी डैमेज हो गया। बाइक सड़क पर घिसटते हुए दूर जा गिरी। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी।

## कुदरगढ़ में लाखों श्रद्धालुओं ने की पूजाअर्चना...रामनवमी पर मेला सहित देवी दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के आने का अनुमान





-संवाददाता-
सूरजपुर,06 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले का कुदरगढ़ी धाम काफी प्रसिद्ध धाम माना जाता है,यहां पर अपनी मंतों को लेकर हर साल लाखों के तादात में श्रद्धालु आते हैं,इस बार भी लाखों के तादाद में श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है, इस बार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का भी आगमन हुआ था, नवमी पर में जिले की आस्था का प्रतीक मां कुदरगढ़ी धाम में चैत्र नवरात्रि के दौरान लाखों श्रद्धालुओं ने मां कुदरगढ़ी के दर्शन किए। जिला सहित अविभाजित सरगुजा अन्य प्रांत के लोग बड़ी संख्या में दर्शन करने पहुंचे। यह स्थल भी किसी शक्तिपीठ से काम नहीं माना जाता है, यहां पर मां कुदरगढ़ी की महिमा व इतिहास काफी प्राचीन है, जो किसी से छिपा नहीं। मां के चमत्कार व उनकी महिमा से लोग भली भाती अवगत है यह मनोकामना पर लोगों का विश्वास अटूट है यही वजह है कि चैत्ररामनवमी मां की आराधना के लिए विशेष दिन माना जाता है। चैत्र रामनवमी पर यहां भव्य मेले का भी आयोजन होता है और इस आयोजन से कुदरगढ़ ट्रस्ट को भी भरपूर लाभ पहुंचता है। नवरात्रि के दौरान प्रशासन की ओर से पेयजल, विद्युत,साफ-सफाई एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नवमी के दिन कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास लक्ष्मी राजवाड़ेपूर्व गृहमंत्री ट्रस्ट के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने सपरिवार एवं भटगांव के पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े सहित जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों ने माता के दरबार में मत्था टेका। इस वर्ष भी नवमी तिथि का प्रथम महापूजा भैयाथन चौहान राजवंशों द्वारा पूरे विधि विधान से तड़के 3 बजे संपन्न कराया गया। माता के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार पूरे रास्ते भर लगी रही। देर शाम तक पहाड़ में दर्शन करने श्रद्धालु पहुंच रहे थे। भक्तों की सेवा के लिए आजीवन सदस्य स्वयं सेवी संस्था व विभिन्न समितियों द्वारा जगह-जगह भण्डारा,नींबू शरबत व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई थी। कुदरगढ़ ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष भुन व्हीआईपी मार्ग से दर्शन कराया गया। आयोजन में कुदरगढ़ में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मुकेश अग्रवाल रैसरा,गयानंद गोयल,रमेश गोयल,सुरेश गोयल,पीआरए कंपनी सुरजपुर ग्रामीण बैंक भैयाथान आजीवन सदस्यों सहित समाज सेवियों ने सहयोग प्रदान किया।

### कुदरगढ़ में रामनवमीं के दिन दर्शन करने दिनभर लगी रही श्रद्धालुओं की कतार

चैत्र रामनवमी के के दिन सुबह 3:00 बजे से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा जो देर शाम तक भीड़ में तब दिल रहा पूरी सीधी श्रद्धालुओं के देवी दर्शन की वजह से भरी रहे लोगों को देवी दर्शन के लिए घंटा लाइन लगाकर खड़ा रहना पड़ा तब जाकर देवी दर्शन हो पाए। सूरजपुर जिले में नवमी के मौके पर पूरे मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है. यहां जिले का प्राचीन धाम कुदरगढ़ में हर साल की तरह इस साल भी चैत्र नवरात्र में पूरे 9 दिनों तक छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं, छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में चैत्र नवरात्रि में जहां एक ओर पूरे नवरात्र भक्तिमय माहौल बना रहा, वहीं रविवार को नवमी के मौके पर पूरे मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है. यहां जिले का प्राचीन धाम कुदरगढ़ में हर साल की तरह इस साल भी चैत्र नवरात्र में पूरे 9 दिनों तक छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं।



### राज परिवार ने नवमी पर की प्रथम पूजा

पुरानी परंपरा अनुरूप भैयाथन राज परिवार के द्वारा नवमी को मां कुदरगढ़ी की प्रथम पूजा की गई इस दौरान भैयाथन राज परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह परंपरा सदियों पुरानी है जो चली आ रही है हर साल राज परिवार की तरफ से नवमी पर प्रथम पूजा अर्चना की जाती है जिसका एक अलग ही महत्व माना जाता है। राज परिवार पूरे क्षेत्र की सुख समृद्धि सहित प्रदेश के लिए यह पूजा करते हैं।

## ट्रस्ट व प्रशासन रहा मुस्तैद

ट्रस्ट के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा मेला अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप निर्माण समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल ,अवधेश गुर्जर संजय यादव, ओंकार पांडेय ठाकुर प्रसाद राजवाड़े,सुरबिंद गुर्जर,बलराम सोनी राजेश तिवारी,शिव बालक यादव,आशीष प्रताप सिंह,राजेंद्र यादव,लवकेश गुर्जर,हेमेंद्र गुर्जर,राकेश पांडेय,दिवाकर जायसवाल, अशोक सिंह गोपाल कृष्ण अग्रवाल,सिद्दार्थ सिंह अभय गुप्ता अभय सिंह आशीष प्रताप सिंह प्रदीप द्विवेदी,प्रकाश दुबे राजीव सिंह,सावन अग्रवाल,शांतनु सिंह,अभय गुप्ता,आयुष गोयल,प्रशांत अग्रवाल अखंड सिंह,रीशु दुबे,अमरकांत गुप्ता,किशन गोयल,राजेंद्र देवांगन,संजू टेकाम,संस्कार अग्रवाल राजेश यादव,सत्यनारायण सिंह,केशव सिंह सुरेंद्र प्रताप सिंह,राजीव प्रताप सिंह प्रवीण गुर्जर,संजय यादव,प्रकाश दुबे अभय प्रताप सिंह ,दानी पांडेय, केशव सिंह अरुण सिंह,अजय तिवारी,आशीष यादव,विवेक प्रताप सिंह,अभय सिंह,अमन प्रताप सिंह,आशीष गुर्जर,हेमंत गुर्जर,हेमेंद्र गुर्जर,नीतीश,निवास चन्द्र,पिंटू सिंह,शशांक सिंह,विजय गुर्जर,सुजीत गुप्ता,यशवंत सिंह,जितेश दुबे,राकेश चौबे राकेश पांडेय,विंदेश जायसवाल, दिवाकर जायसवाल गौतम कुशवाहा, रघुवर जायसवाल शशि जायसवाल,हौसला प्रसाद राजवाड़े,जग नारायण कुर्रे,प्रशांत अग्रवाल,रघुवीर गुर्जर,रविंद गुर्जर,रामकुमार बंझोर,रविन्द्र गुर्जर,रोशन गुर्जर,सतीश गुर्जर, शिवम् विशु दुबे,रूपेंद्र राजवाड़े गया प्रसाद जायसवाल,संदीप जायसवाल,विनीता यादव भानु प्रताप कुशवाहा,रघुवंश सिंह,गौरी सिंह,चंद्रभान राजवाड़े,अयोध्या सिंह,राम प्रताप सिंह,राम चरण सिंह,देव शरण सिंह, वीरेंद्र पांडेय,श्याम लाल गुर्जर रंजन सोनी एवम जनपद पंचायत सदस्य गण,कलेक्टर एस जयवर्धन पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर,डीएफओ पंकज कमल,अपर कलेक्टर सरगुजा अमृत लाल ध्रुव एसडीएम सागर सिंह शिवानी जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर चांदनी कंवर, तहसीलदार उमेश कुशवाहा समीर शर्मा सुरेश राय जनपद सीईओ डॉ नृपेंद्र सिंह, एसडीएम शिवानी जायसवाल, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में ट्रस्ट के आजीवन सदस्य श्रद्धालुगण सक्रिय रहे।

# शूटिंग वर्ल्ड कप में सिफत कौर समरा ने लहराया तिरंगा

## सीधे गोल्ड मेडल पर साधा निशाना




**ब्यूनस आयर्स,06 अप्रैल 2025।** भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समरा ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में चल रहे एफ निशानेबाजी विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है और उन्होंने सीधे गोल्ड मेडल पर निशाना साधा है। यह आईएसएसएफवर्ल्ड कप में सिफत का पहला व्यक्तिगत गोल्ड मेडल है। फरीदकोट की रहने वाली 23 साल सिफत ने टिरो फेडरल अर्जेंटीनो डी ब्यूनस आयर्स शूटिंग रेंज में सेशन के पहले विश्व कप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। शुरुआत में वह पीछे थीं, लेकिन बाद में उन्होंने सही निशाने लगाए।

### शुरुआत में पीछे थीं सिफत कौर

विश्व रिकॉर्ड धारक सिफत कौर समरा नीलिंग पोजीशन में 15 शॉट के बाद जर्मनी की अनीता मैंगोल्ड से 7.2 अंक पीछे थीं। उन्होंने हालांकि इसके बाद प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में स्वप्निल वापसी करके पहला स्थान हासिल किया। सिफत 45 शॉट के फाइनल के बाद 458.6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही, जबकि मैंगोल्ड उनसे 3.3 अंक पीछे 455.3 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रही। कजाकिस्तान की जूनियर विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता अरीना अल्तुखोवा 445.9 के स्कोर के साथ 44वें शॉट के बाद बाहर होकर तीसरे स्थान पर रहीं।

### 590 का स्कोर बनाकर फाइनल में किया था प्रवेश

दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन वह छठे स्थान पर रहीं। सिफत कौर ने क्वालीफाइंग में 590 का स्कोर बनाकर पहले स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। स्विट्जरलैंड की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चियारा लियोन और पूर्व ओलंपिक चैंपियन नीना क्रिस्टन टॉप आठ में जगह नहीं बना सकीं। कजाकिस्तान की एलेक्जेंड्रिया ले और अमेरिका की मैरी टकर जैसी ओलंपिक पदक विजेता भी क्वालीफाइंग की बाधा पार नहीं कर सकी।

### टूर्नामेंट के पहले दिन भारत ने नहीं जीता था कोई पदक

भारत टूर्नामेंट के पहले दिन कोई पदक नहीं जीत पाया था लेकिन अब उसके नाम पर एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक है। भारत के लिए कांस्य पदक पुरुष 3पी में चैन सिंह ने जीता था। एयर पिस्टल मिक्सड टीम की विश्व चैंपियन ईशा ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में 35 अंक बनाए और वह चीन की सुन युजी से पीछे रहीं जिन्होंने 10वीं और अंतिम पांच शॉट सीरीज के बाद 38 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुन की हमवतन फेंग सिक्जुआन ने कांस्य पदक जीता।




## टीम से जुड़ा ये जसप्रीत बुमराह

**नई दिल्ली,06अप्रैल 2025।** आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस की टीम का प्रदर्शन अभी तक तक अच्छा नहीं रहा है। टीम ने चार मुकाबले खेले हैं, जिसमें से तीन हारे हैं और एक में जीत हासिल की है। टीम प्वाइंट्स टेबल में 8वें नंबर पर मौजूद है। अब सीजन के बीच में ही मुंबई की टीम के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। जसप्रीत बुमराह मौजूदा सीजन के बीच में ही टीम से जुड़ गए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ से मंजूरी मिलने के बाद उनकी टीम में एंट्री हुई है।

## संक्षिप्त खेल खबर



### साई सुदर्शन ने टीम की सफलता के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला

**नई दिल्ली,06अप्रैल 2025।** गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने टीम की सफलता में योगदान देने के लिए भूख और समर्पण के महत्व को रेखांकित किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका ध्यान पिछले प्रदर्शन की परवाह किए बिना टीम को जीत दिलाने में मदद करने पर है। 2022 में टीम में शामिल होने के बाद से जीटी के सबसे लगातार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक साई ने 2023 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 12 मैचों में 527 रन बनाए। चल रहे 2025 संस्करण में, उन्होंने पहले ही तीन मैचों में 186 रन बना लिए हैं। मानसिक दृष्टिकोण से मुझे लगता है कि यह भूख के बारे में है,और यह उस समर्पण के बारे में है जो हमें टीम को जीत दिलाने के लिए करना है। मुझे लगता है कि मेरे लिए यह सबसे महत्वपूर्ण बात है, और यही मैं करने की कोशिश कर रहा हूं। मेरे पास हर खेल में वह भूख है; पिछले खेल में जो कुछ भी हुआ, वह मायने नहीं रखता। लेकिन अगले खेल में, खेल से आगे बढ़ते हुए, मुझे लगता है कि आपको केवल इस बात पर ध्यान केंद्रित करना है कि आपको क्या करना है, किस तरह से हम टीम को जीत दिला सकते हैं और किसी भी तरह से योगदान देने की कोशिश कर सकते हैं, साई सुदर्शन ने रेवस्पोर्ट्स पर बोरिया मजूमदार से बात करते हुए कहा।

### एवरटोन ने आर्सेनल को हराकर शीर्ष पर चल रहे लिवरपूल को खुश कर दिया

**लंदन,06अप्रैल 2025।** एवर्टन ने गुडिसन पार्क में खिताब की तलाश कर रहे आर्सेनल को प्रीमियर लीग में 1-1 से बराबरी पर रोककर पड़ोसी लिवरपूल को बड़ा फायदा पहुंचाया, जब इलिमन एनडियाये की पेनल्टी ने आगंतुकों के लिए लिएंड्रो ट्रॉसार्ड के शुरुआती शॉट को रद्द कर दिया। दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल के पास 31 मैचों में 62 अंक हैं, जो लीडर लिवरपूल से 11 अंक पीछे है। एवर्टन अपने 31 मैचों में 35 अंकों के साथ 14वें स्थान पर पहुंच गया है, जो कि रिलीगेशन जोन से 15 अंक आगे है। आर्सेनल ने खेल में पहला शॉट टारगेट पर लगाकर 34वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली, क्योंकि मिडफील्ड में खराब हेडर की वजह से रहीम स्टर्लिंग ने ट्रोसार्ड को गेंद दी, जिन्होंने टच



लिया और अपने शॉट को दूर दाएं कोने में मार दिया। एवर्टन को दूसरे पीरियड में दो मिनट में पेनल्टी दी गई, जब माइल्स लुईस-स्केली ने बॉक्स में जैक हैरिसन को नीचे गिरा दिया और एनडाये ने सभी प्रतियोगिताओं में सीज़न का अपना नौवां गोल किया, जिससे आर्सेनल की खिताब जीतने की उम्मीदें धूमिल हो गईं।

# टॉम बैंटन ने तोड़ा 19 साल पुराना कीर्तिमान

» आईपीएल ऑक्शन में था अनसोल्ड
» आलोचकों को दिया करारा जबाब,जड़ा तिहरा शतक




**ब्रिसबेन,06 अप्रैल 2025।** इंग्लैंड के 26 साल के युवा बल्लेबाज टॉम बैंटन ने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में अपना नाम दिया था, लेकिन उन्हें किसी भी टीम ने नहीं खरीदा था। ऑक्शन के लिए उनका ब्रेस प्राइज 2 करोड़ रुपए था। अभी आईपीएल 2025 चल रहा है और इंग्लैंड की नेशनल टीम भी मुकाबले नहीं खेल रही थी। ऐसे में टॉम बैंटन ने घरेलू क्रिकेट में खेलते हुए कमाल कर दिया है। वह घरेलू क्रिकेट में काउंटी चैंपियनशिप में समरसेट के लिए खेल रहे हैं। टॉम बैंटन ने काउंटी चैंपियनशिप में समरसेट की तरफ से खेलते हुए वॉर्सेस्टरशायर क्लब के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की है और तिहरा शतक जड़ दिया है। उन्होंने अभी तक 383 गेंदों में 344 रन बनाए, जिसमें 54 चौके और एक छक्का लगाया है। उनके आगे वॉर्सेस्टरशायर के गेंदबाज बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए हैं और टिक नहीं पाए हैं।

### तोड़ डाला जस्टिन लैंगर का रिकॉर्ड

टॉम बैंटन समरसेट के लिए फर्स्ट क्लास में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने जस्टिन लैंगर का 19 साल पुराना कीर्तिमान ध्वस्त कर दिया है। लैंगर ने साल 2006 में समरसेट की तरफ से खेलते हुए सरे क्लब के खिलाफ 342 रनों की पारी खेली थी। अब टॉम बैंटन उससे आगे निकल गए हैं। लैंगर इस समय आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच हैं।

### समरसेट की टीम ने बनाए 637 रन

मैच में वॉर्सेस्टरशायर क्लब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 154 रनों पर ही सिमट गई थी। इसके बाद समरसेट की तरफ से टॉम बैंटन और जेम्स रेऊ ने बेहतरीन बल्लेबाजी की है। बैंटन ने जहां तिहरा शतक लगाया है, तो वहीं जेम्स ने 152 रनों की पारी खेली है। समरसेट ने अभी तक 637 रन बना लिए हैं और उसके चार विकेट अभी शेष हैं।

### इंग्लैंड के लिए खेल चुके वनडे और टी20 आई मैच

टॉम बैंटन इंग्लैंड की नेशनल टीम से भी खेल चुके हैं। उन्होंने अभी तक इंग्लैंड के लिए 7 वनडे मैचों में कुल 172 रन बनाए हैं। वहीं 14 टी20 इंटरनेशनल मैचों में उनके बल्ले से 327 रन निकले हैं।



## हितेश को स्वर्ण,भारत ने 6 पदकों के साथ समाप्त किया अभियान

**फोज डू इगुआकु (ब्राजील),06 अप्रैल 2025।** भारतीय मुक्केबाजी दल ने विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित एलीट स्तर की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने पहले प्रदर्शन में प्रभावशाली प्रदर्शन किया,जिसमें फोज डू इगुआकु में विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते।

हितेश विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। उनके प्रतिद्वंद्वी, इंग्लैंड के ओडेल कामारा घायल हो गए और 70 किग्रा के फाइनल में रिंग में नहीं उतर सके।

65 किग्रा वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाले अन्य भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने स्थानीय पसंदीदा यूरी रीस के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन अनुकूल फैसला पाने के लिए पर्याप्त प्रदर्शन नहीं कर सके और रजत पदक जीता।

चार भारतीय खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीते, जिनमें जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौर (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) शामिल हैं। विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बनने के बाद हितेश ने टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में 10 दिवसीय तैयारी शिविर का श्रेय दिया, जिससे उन्हें और टीम को काफी मदद मिली। हितेश ने कहा, शिविर ने मुझे कुछ सामरिक बारीकियां सीखने में मदद की, जिससे मुझे प्रतियोगिता में काफी मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने का मौका दिया और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका। भारत ने पेरिस ओलंपिक के बाद अपने पहले बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन, विश्व मुक्केबाजी कप के लिए 10 सदस्यीय दल उतारा था और छह पदक जीते। इससे न केवल टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि लॉस एंजेलिस खेलों से पहले 2028 ओलंपिक चक्र की तैयारी भी शुरू होगी।



## मुंबई इंडियंस की नजरें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी की समस्या से पार पाने पर

**मुंबई,06 अप्रैल 2025।** संघर्षरत मुंबई इंडियंस को उम्मीद है कि सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ़ होने वाले मुक़ाबले में बल्लेबाज़ जिम्मेदारी उठाने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे। चार मैचों में तीन हार के साथ पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस की शुरुआत फिर से खराब रही है, और बल्लेबाज़ी की समस्या से जूझ रही है। चार मैचों में अब तक केवल दो एमआई बल्लेबाज़ों ने अर्धशतक लगाया है, जिसमें सूर्यकुमार यादव और रेयान रिकेल्टन ने एक-एक अर्धशतक लगाया है। सभी 10 आईपीएल टीमों में, यह प्रति बल्लेबाज़ अर्धशतक के मामले में सबसे कम योगदान है। टी20 क्रिकेट में अर्धशतक बनाना हमेशा से मुश्किल रहा है, लेकिन आईपीएल टीमें अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ों को ज़्यादा से ज़्यादा ओवर खेलने और अंत तक बल्लेबाज़ी करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रही हैं। बल्लेबाजी में एमआई के संघर्ष के केंद्र में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं, जो आईपीएल में खराब शुरुआत के बाद नेट पर घुटने में चोट लगने के कारण लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे, और मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा, जिनकी शुरुआत बड़े स्कोर में तब्दील नहीं हो पाई है। यह देखना बाकी है कि रोहित आरसीबी के खिलाफ मुकाबले के लिए फिट होते हैं या नहीं, लेकिन एमआई को निश्चित रूप से अपनी बल्लेबाजी की समस्याओं को जल्दी से जल्दी ठीक करने की जरूरत होगी ।

# 28 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस संग मस्ती करता दिखा 55 साल का एक्टर



### कभी प्रियंका चोपड़ा के प्यार में था दीवाना

प्रियंका चोपड़ा अब ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं और निक जोनास के साथ अपनी शादीशुदा जिंदगी एंजॉय कर रही हैं। निक जोनास से शादी से पहले प्रियंका का कई एक्टर्स के साथ नाम जुड़ा। लेकिन, क्या आप उस एक्टर के बारे में जानते हैं, जो कभी देसी गर्ल पर अपना दिल और जान निसार करता था। ये एक्टर प्रियंका के पीछे इस कदर पागल था कि उन्हें लेकर खुलेआम अपने दिल की बात कहने से जरा भी नहीं हिचकिचाता था। हम बात कर रहे हैं स्कॉटिश एक्टर जेरार्ड बटलर की, जो इन दिनों एक बार फिर चर्चा में हैं। हॉलीवुड एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक नई बॉलीवुड हसीना के साथ नजर आ रहे हैं।

### चर्चा में जेरार्ड बटलर का वीडियो

सोशल मीडिया पर जेरार्ड बटलर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह बॉलीवुड एक्ट्रेस एलनाज नरौजी के साथ नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में जेरार्ड को एलनाज के साथ जमकर एंजॉय करते देखा जा सकता है। वीडियो में दोनों एक-दूसरे के साथ जमकर मस्ती कर रहे हैं। दोनों की बॉन्डिंग देखकर सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि ये दोस्ती से कहीं ज्यादा है। वीडियो में जेरार्ड बटलर और एलनाज नरौजी साथ में वेकेशन मोड में नजर आ रहे हैं।

### एलनाज नरौजी संग एंजॉय करते दिखे जेरार्ड बटलर

वीडियो में एलनाज कैमरा लेकर आगे चलते नजर आ रही हैं, जबकि बटलर उनके पीछे-पीछे चल रहे हैं। एलनाज कुछ बात करते हुए जोर-जोर से हंस रही हैं, जबकि बटलर भी मुस्कुरा रहे हैं। इस दौरान एलनाज की हंसी रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। हालांकि, अब तक ये साफ नहीं हो सका है कि दोनों का ये वीडियो इनके किसी अपकमिंग प्रोजेक्ट का है या फिर दोनों साथ में वेकेशन एंजॉय कर रहे हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर इसकी जमकर चर्चा जरूर हो रही है

### जेरार्ड ने प्रियंका चोपड़ा को किया था प्रपोज

बता दें, एक समय था जब जेरार्ड बटलर, देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के प्यार में दीवाने थे। वह खुद भी कई बार जाहिर कर चुके हैं कि वह प्रियंका के दीवाने थे। जेरार्ड बटलर और प्रियंका के बीच कभी अच्छी दोस्ती हुआ करती थी। जेरार्ड तो प्रियंका को इतना पसंद करते थे कि वह उनसे शादी करना चाहते थे,लेकिन देसी गर्ल के दिल में तो कोई और ही था। जेरार्ड प्रियंका को कई बार शादी के लिए प्रपोज कर चुके थे,लेकिन प्रियंका ने कभी उन्हें हां नहीं कहा। 2009 में जब जेरार्ड इंडिया आए तो प्रियंका ने उनके लिए एक शानदार पार्टी भी रखी थी,इस पार्टी में जेरार्ड ने प्रियंका के लिए अपने दिल की बात खुलकर कही थी।





## अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की मां किम फर्नांडीज का निधन

रविवार,6 अप्रैल को अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की मां किम फर्नांडीज का निधन हो गया। उन्होंने मुंबई के लीलावती अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां उन्हें 24 मार्च को स्ट्रोक के बाद आईसीयू में भर्ती कराया गया था। किम का अंतिम संस्कार आज होगा,अभिनेत्री को अपने पिता एलरॉय फर्नांडीज के साथ श्मशान घाट पर पहुंचते देखा गया। अभिनेत्री को सफेद पोशाक पहने हुए, मास्क से अपना चेहरा ढके हुए देखा गया। बहरीन के मनामा में रहने वाली किम को पहले भी 2022 में इसी तरह के स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ा था और तब भी उन्हें बहरीन में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। किक अभिनेत्री ने पिछले महीने गुवाहाटी में इंडियन प्रीमियर लीग के उद्घाटन समारोह में अपना प्रदर्शन भी छोड़ दिया था, जो बारसापारा के एसीए स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मैच से पहले आयोजित किया गया था। उसके बाद उसके एक करीबी सूत्र ने एएनआई को बताया,जैकलीन की मां अभी भी आईसीयू में हैं और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। परिवार डॉक्टरों से आगे की जानकारी का इंतजार कर रहा है, जैकलीन ने अपनी मां के साथ रहना चुना है और दुर्भाग्य से वह आईपीएल समारोह में प्रस्तुति नहीं दे पाएंगी।2014 में एक पुराने साक्षात्कार में, मुंबई में रहने वाली जैकलीन ने अपनी मां के समर्थन के बारे में बात की और कहा,मेरी मां ने हमेशा मेरा साथ दिया। मुझे उनकी बहुत याद आती है। मैं अपने माता-पिता के बिना यहां अकेली रहती हूं। ये दो लोग हैं जो बहुत मजबूत हैं और वे मेरे लिए ऐसी प्रेरणा रहे हैं जो हमेशा मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने मुझे कभी कुछ करने से नहीं रोका। जब मैंने अपनी मां को बताया कि मैं मिस श्रीलंका प्रतियोगिता में शामिल हो रही हूं, तो उन्होंने कहा ठीक है, बढ़िया और जब मैंने कहा, मां,मैं भारत जा रही हूं, तब भी उन्होंने कहा ठीक है।

## महत्वपूर्ण खबर

### अपर कलेक्टर के आदेश को हाईकोर्ट ने कर दिया रद्द



**बिलासपुर,06अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बालोद जिले के एक राजस्व निरीक्षक से 2 लाख 24 हजार रुपये की वसूली के आदेश को खारिज कर दिया है। यह आदेश बालोद के अपर कलेक्टर द्वारा जारी किया गया था,जिसमें कहा गया था कि वेतन निर्धारण में त्रुटि के चलते कर्मचारी को अधिक राशि का भुगतान किया गया, इसलिए वह राशि वसूल की जाए।

### पीएटी पीव्हीपीटी,पीईटी प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए आवेदन 17 से 21 के बीच

**रायपुर,06अप्रैल 2025(ए)।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने शैक्षणिक सत्र 2025 के लिए पी.ए.टी. एवं पी.व्ही.पी.टी. की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी और आवेदन पत्र व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट व्यापम सीजी.सीजी स्टेट.जी ओ व्ही.आई एन पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 अप्रैल सायं 5 बजे तक है। प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 15 मई दिन गुरूवार को राज्य के 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी।



### नकली होलोग्राम लेबल लगाकर मध्यप्रदेश की शराब खपाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**फार्म हाउस का मालिक निकला मास्टर माइंड**

**राजनांदगांव, 06 अप्रैल 2025(ए)।** डोंगरगढ़ के ग्राम करवारी स्थित फार्म हाउस में मध्यप्रदेश से लाई गई शराब को छत्तीसगढ़ ब्रांड के नकली होलोग्राम, लेबल और सील लगाकर बाजार में बेचने वाले 3 और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अब तक इस मामले 11 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# जल्द होगा जनता की समस्याओं का निराकरण

» सरकार लाने जा रही है जनता की समस्याओं को जल्द निराकरण करने की योजना...

» सीएम साय ने सभी कलेक्टरों को दिए निर्देश...





**रायपुर,06 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में साय सरकार सुशासन तिहार मनाने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर निर्देश जारी किए हैं। इस तिहार में लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा. मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के बीच जाकर योजनाओं की फीडबैक लेंगे। सीएम ने कलेक्टरों से कहा है कि हमारी सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार काम कर रही है। शासन-प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर शासकीय काम-काज में पारदर्शिता आए, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, इसका लाभ समाज के उन वर्गों को तत्परता से मिले,जिनके लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। इसे लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर प्रभावी पहल की जा रही है। इसी कड़ी में हमने सुशासन तिहार-2025' संचालित करने का निर्णय लिया है। सीएम साय ने कहा है कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना,शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना और विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा, सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएंगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस तिहार को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं एवं एक पोर्टल बनाया जा रहा है। प्रत्येक जिले की परंपराओं, आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुसार नवाचार भी किए जा सकते हैं, जिससे यह तिहार अधिक जनीपयोगी और प्रभावशाली बने।

**आवेदनों का निराकरण :** सभी प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा और संबंधित जिला जनपद /मगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजा जाएगा। संबंधित विभाग/अधिकारी लगभग एक माह में इन आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जाएगा। इन आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता का विश्लेषण जिला और राज्य स्तर पर किया जाए।

#### सुशासन तिहार-2025 के लिए सभी कलेक्टरों को निर्देशःलोगों से आवेदन प्राप्त करना...

आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में 08 अप्रैल से 11 अप्रिल 2025 तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी जाएगी, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायते निन्संकोच लिखकर उसमें डाल सकें। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर भी की जाए। आवश्यकतानुसार हाट बाजारों में भी आवेदन संग्रह किये जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था रहेगी। कॉमन सर्विस सेंटर का भी ऑनलाइन आवेदन लेने उपयोग किया जा सकता है। प्रत्येक आवेदन को एक कोड देने की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। निर्धारित प्रारूप में खाली आवेदन पत्र (ग्रामवार/नगरीय निकायवार कोड सहित) प्रिन्ट कराकर ग्रामीणों को उपलब्ध कराए जा सकते हैं। प्रत्येक आवेदन को पोर्टल में पजीकृत कर ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा. साथ ही आवेदनकर्ता को पावती दी जाएगी। जनता को आवेदन लिखने में सहायता प्रदान करने कलेक्टर आवश्यकतानुसार अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगा सकते हैं। इन तिथियों का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

**समाधान शिविर का आयोजन :** 05 मई से 31 मई 2025 के दौरान प्रत्येक 08 से 15 पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे,जिनमें आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार समाधान शिविर आयोजित होंगे। शिविरों के आयोजन की तिथि की जानकारी आवेदकों को एसएमएस के माध्यम से तथा आवेदन की पावती के माध्यम से दी जाए. साथ ही इन तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों की प्रविष्टि भी पोर्टल में की जाए. जिन आवेदनों का निराकरण शिविर में संभव हो, शिविर में किया जाए, शेष आवेदनों का समाधान एक माह में कर आवेदकों को सूचित किया जाए। शिविरों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र/प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रत्येक शिविर के लिए एक खंडस्तरीय अधिकारी को प्रभारी बनाया जाए, जो शिविर के समुक्ति संचालन को सुनिश्चित करेंगे। समाधान शिविरों में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला स्तर से भी कुछ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी तरह की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी की जाए। मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन के अधिकारी भी कुछ शिविरों में शामिल होंगे और आवेदकों से भेंटकर उनकी समस्याओं और निराकरण के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

## नक्सली भाई विवाद पर छत्तीसगढ़ में सियासी तूफान





**कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने**

**रायपुर,06 अप्रैल 2025(ए)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे से लौटते ही सियासी गलियारों में बवाल मचा हुआ है। ये बवाल इसलिए है क्योंकि गृहमंत्री शाह ने दंतेवाड़ा में अपने संबोधन के दौरान नक्सलियों को 'नक्सली भाई' कहकर संबोधित किया। 'नक्सली भाई' कहने की बात को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अमित शाह और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। वहीं,अब कांग्रेस की बयानबाजी पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने करारा जवाब दिया है। अमित शाह के बयान को लेकर पीसीसी दीपक बैज ने जताई तीखी आपत्ति जताई है। दीपक बैज ने कहा कि हम तो पहले से ही आशंका जाहिर कर रहे थे कि भाजपा और नक्सलियों में सांठगांठ है। केंद्रीय गृह मंत्री का ये बयान इसे साबित करता है, जिन नक्सलियों ने झीरम ने हमारी नेताओं की एक पीढ़ी को खत्म कर दिया। उनको अमित शाह भाई कह रहे हैं। इससे यह भी साबित होता है कि नक्सलियों और भाजपा में भाई-भाई का रिश्ता है। वहीं, दीपक बैज के इस बयान पर प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नक्सलियों को भाई कहने पर विपक्ष सवाल उठा रही है। हां हम फिर से नक्सलियों से निवेदन करते हैं जो नक्सली मुख्यधारा में जुड़ेंगे वह हमारे भाई हैं। जो मुख्यधारा में नहीं आएं उस पर वैसी कार्रवाई होगी। विकास के बाधकों को मां दंतेश्वरी माफ नहीं करेगी। अपने संबोधन के दौरान अमित शाह ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। अमित शाह के आरोपों पर दीपक बैज ने कहा कि गृह मंत्री जी का यह बयान रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल पर ठीक बैठता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस को कोसने के अलावा कुछ नहीं कहा क्योंकि बस्तर के लिए उनकी कोई उपलब्धि नहीं है। हमारे कार्यकाल में नक्सलवाद सिमट गया था।



## मजाक बन गया सूचना का अधिकार कानून

» 2493 अफसरों पर 4.81 करोड़ का जुर्माना

» वसूले मात्र 42 लाख रुपए...

**रायपुर, 06 अप्रैल 2025(ए)।** राज्य सूचना आयोग ने 1 जनवरी 2020 से 21 फरवरी 2025 तक सूचना न देने वाले 2493 जन सूचना अधिकारियों पर 4.81 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि सिर्फ 286 अफसरों से महज 42 लाख रुपये की वसूली हुई है। शेष 2207 अधिकारियों से 4.39 करोड़ रुपये की वसूली अब तक नहीं हो सकी है।

आरटीआई कार्यकर्ता अशोक श्रीवास्तव की अपील पर मिली जानकारी ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आयोग ने स्पष्ट आदेश दिए थे कि यह रकम वसूलकर राज्य के राजकोष में जमा कराई जाए, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आदेशों की अनदेखी करते रहे।

**कानून का उल्लंघन और सरकारी लापरवाही**

आरटीआई कानून, जिसे भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत हथियार माना गया था, आज अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी का शिकार बनता जा रहा है। आयोग के जुर्माने के आदेशों को भी प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया, जिससे सरकार की प्रशासनिक विफलता और जवाबदेही की कमी उजागर होती है।

**कागज़ों में दबी जवाबदेही**

राज्य सूचना आयोग ने बार-बार विभाग प्रमुखों और सामान्य प्रशासन विभाग तक को पत्र लिखे, लेकिन ये पत्र सिर्फ फाइलों तक सीमित रह गए। जिन अफसरों को वसूली की जिम्मेदारी दी गई, उन्होंने या तो इससे किनारा कर लिया या इसे टालते रहे।

**मामले से उठे सवाल**

क्या सरकार जानबूझकर जुर्माने की वसूली से बच रही है?क्यड्डा राज्य सूचना आयोग के आदेश सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गए हैं? क्या अफसरशाही आरटीआई कानून को अपनी सुविधा के अनुसार चला रही है?

## नौकरी ज्वाइन करने से पहले 2 से ज्यादा बच्चों की जानकारी छिपाई



**सच्चाई उजागर होने के बाद डीपीआई ने व्याख्याता को किया बर्खास्त**

### जांच में व्याख्याता के 4 बच्चे होने का पता चला...

**रायपुर,06 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में 26 जनवरी 2001 के बाद अगर किसी शख्स के 2 से ज्यादा बच्चे होते हैं तो वह सरकारी नौकरी के लिए पात्र नहीं होगा। ऐसे ही एक मामले में एक व्याख्याता के 4 बच्चे होने के चलते डीपीआई ने उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया। कोई भी व्यक्ति जिसकी दो से अधिक संतान है और उसके बाद तीसरे का जन्म 26 जनवरी 2001 या उसके बाद हुआ है उसे सरकारी नौकरी के लिए अपात्र माना जाता है। नियुक्ति के समय दो से अधिक संतान की जानकारी व्याख्याता ने नहीं दी थी। जांच में खुलासा होने पर डीपीआई दिव्या मिश्रा ने सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है।

### सिविल सेवा नियम नियम के तहत की गई कार्रवाई

लोक शिक्षण संचालनालय ने दो से अधिक जीवित संतान होने की जानकारी छिपाकर नौकरी करने के मामले में मस्तूरी विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल सोन में पदस्थ व्याख्याता नवरतन जायसवाल को शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम, 1966 के तहत की गई है।

## सिनेमा हॉल में कैदियों को दखाई जाएगी शिक्षाप्रद फिल्में

**रायपुर, 06 अप्रैल 2025(ए)।** सेंट्रल जेल रायपुर में कैदियों के पुनर्वास और मानसिक विकास की दिशा में एक अनूठी पहल की गई है। जेल परिसर में अब एक विशेष सिनेमा हॉल की शुरुआत की गई है, जहां कैदियों को देशभक्ति से परिपूर्ण और प्रेरणादायक फिल्में दिखाई जा रही हैं। इस सिनेमा हॉल में प्रोजेक्टर, स्क्रीन और आधुनिक साउंड सिस्टम जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे कैदियों को एक गुणवत्तापूर्ण सिनेमा अनुभव मिल रहा है। जेल प्रशासन का कहना है कि यह पहल कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने और उनमें सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु की गई है। जेल अधीक्षक के अनुसार, सिनेमा हॉल में केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि शिक्षाप्रद शॉर्ट फिल्में भी प्रदर्शित की जाएंगी। इनका उद्देश्य कैदियों को नैतिक मूल्यों, अच्छे व्यवहार और समाज में पुनः स्थापित होने की प्रेरणा देना है। फिल्मों का चयन भी सोच-समझकर किया जाएगा ताकि वे कैदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकें। यह पहल मनोरंजन के साथ-साथ एक सामाजिक पुनर्वास प्रयास के रूप में मानी जा रही है।

### धर्मांतरण का मामला फिर गर्माया,6 लोग हुए गिरफ्तार



**बिलासपुर,06 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में धर्मांतरण का मुद्दा थमने का नाम नहीं ले रहा है. एक बार फिर से धर्मांतरण का मामला सामने आया है. सरकंडा थाना क्षेत्र के अटल आवास में धर्मांतरण की शिकायत मिलने के बाद हिंदूवादी संगठन की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की है. मामले में दो पास्टर समेत करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है. जानकारी के अनुसार, अटल आवास में दो अलग-अलग स्थानों पर धर्मांतरण की गतिविधियों की शिकायत मिली थी. हिंदूवादी संगठनों का आरोप है कि भोले-भाले लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है. फिलहाल, सरकंडा पुलिस ने पूरे मामले को लेकर पूछताछ कर रही है।

## बीईडी सहायक शिक्षकों का आग पर प्रदर्शन

### महिला टीचर्स बोलीं ...'सीता जैसी अग्नि परीक्षा दे रहे,सरकार सुनवाई करे



**रायपुर,06 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में बर्खास्त किए गए बीईडी सहायक शिक्षक पिछले 113 दिन से एडजस्टमेंट की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। शनिवार की रात अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए शिक्षकों ने अंगारों पर चलकर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने कहा कि सरकार सेवा सुरक्षा दे या हमें इच्छा मृत्यु दे दे।

इस दौरान महिला टीचर्स ने कहा कि जैसे सतयुग में अपनी सत्यता को सिद्ध करने के सीता माता को अग्नि परीक्षा देनी पड़ी थी। वैसे ही आज हमें भी अंगारों पर चलकर अग्नि परीक्षा देनी पड़ रही है। शिक्षक अपने हाथों में तख्ती लेकर चल रहे थे, जिसमें लिखा था सरकार हम निर्दोष शिक्षकों की गलती बताए।

**अंगारों पर चलकर अग्नि परीक्षा देनी पड़ रहीःटीचर्स**

महिला टीचर्स ने कहा कि 113 दिनों से हम संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार का कोई भी प्रतिनिधि हमारी सुध लेने नहीं आया है। कमेटी के नाम पर हमें ठगा जा रहा है। इस प्रदर्शन के जरिए हम सरकार को बताना चाहते हैं कि हम कितने तकलीफ में हैं।अंगारों पर चलकर हमारे पैर उतने नहीं जितना सरकार की उदासीनता से जल रहे हैं। अंगारों पर चलकर हमनें माता रानी को मनाने की कोशिश की है। और मन्नत मांगी है कि माता की कृपा हो जाए सरकार को सद्बुद्धि दे दे और सरकार जल्द हमारे समायोजन का निर्णय ले।

**हम गलत कदम उठाने पर मजबूर**

एक महिला शिक्षिका ने कहा कि हमारी स्थिति ऐसी हो गई है कि हम कभी भी गलत कदम उठा सकते हैं। 113 दिन से घर से बाहर रहकर हम तूता धरना स्थल में प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार हमारी मांगों को लेकर अब तक फैसला नहीं ले पाई है।सरकार से हमारी मांग है कि हमें हमें नौकरी सुरक्षा दे या हमें इच्छा मृत्यु दे दे। हम क्या करें अब हमें समझ नहीं आ रहा है। अगर हम कुछ भी कदम उठाएंगे तो उसकी जिम्मेदारी सरकार की रहेगी ।

**मांगों को अनदेखा क्यों किया जा रहा?**

महिला शिक्षिका ने कहा कि नवरात्रि के दौरान हमने चुनरी यात्रा निकालकर मां दुर्गा की आराधना की है और अब अंगारों पर चलकर भी हम अपनी बात सरकार तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी हमारी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है।

### ईनामी प्लाटून नम्बर 09 का पीपीसीएम हुआ गिरफ्तार



**बीजापुर, 06 अप्रैल 2025(ए)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना बासागुड़ा, कोबरा 210, 201,202, 205 एवं 206 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान मिली सूचना के आधार पर चिलकापल्ली के जंगल से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन प्लाटून नम्बर 09 के पीपीसीएम बारसे जोगा पिता स्व0 गंगा उम्र 36 वर्ष निवासी पोलमपल्ली ओड़सापारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर को पकड़ा गया।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)